संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 14 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 14 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नेशनल मेमोरियल पर पहुंचे तीनों सेनाध्यक्ष।




# खरगे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष नियुक्त

= नीतीश कुमार का संयोजक बनने से इनकार, संयोजक बनने की कोई इच्छा नही, बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहेः नीतीश

**जिम्मेदारी**

8 बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्षी** गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने भी की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे।

विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछली बैठक में भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की बात कही थी। विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की हुई बैठक करीब दो घंटे चली और इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई।



## किसी पद में कोई रुचि नहींः नीतीश कुमार

**विपक्षी** गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा थी। जदयू नेताओं के बयान से भी ऐसा लगा था कि पार्टी नीतीश के लिए संयोजक का पद चाहती है, लेकिन अब खुद नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी संयोजक बनने में कोई रुचि नहीं है। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस की यह यात्रा रविवार यानी 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होगी। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं की भी बैठक हुई, जिसमें सीट बंटवारे पर चर्चा हुई।

## 'प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना उचित नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं सांसद दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना करना उचित नहीं है। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक हैं। उनकी बात पर गौर किया जाना चाहिए। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक और शीर्ष हैं। उनके आदेश की अवहेलना कर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना धर्म विरुद्ध कृत्य है। यह राजनीतिक प्रयोग है। कांग्रेस जन इसलिए वहां नहीं जाएंगे, क्योंकि हम हमारे सनातन गुरु और आदर्श शंकराचार्य धर्म गुरुओं की अवहेलना नहीं कर सकते हैं और न ही सनातन धर्म के सच्चे अनुयायियों की भावना पर आघात कर सकते हैं।

## '22 को हर घर में 'श्रीराम ज्योति' प्रज्ज्वलित करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोनल माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। सोनल मां गुजरात में गढ़वी चारण समाज की एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थीं। उन्होंने कहा कि हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। प्रधानमंत्री ने सभी से 22 जनवरी के शुभ अवसर पर श्रीराम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा, आज इस अवसर



पर मैं आप सभी से, 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह भी करूंगा। प्रधानमंत्री ने देश में मंदिरों के लिए कल शुरू हुए स्वच्छता अभियान का भी जिक्र किया और कहा, हमें इस दिशा में भी मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूरे चारण समाज

**अपील**

8 आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है : पीएम मोदी

और सभी व्यवस्थापकों को बधाई दी।

और कहा, मढड़ा धाम चारण समाज के लिए श्रद्धा, शक्ति, संस्कार और परंपराओं का केंद्र है। मैं आई के चरणों में सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवती स्वरूपा सोनल मां इस बात का जीवंत उदाहरण थीं कि भारत किसी भी युग में अवतारी आत्माओं से खाली नहीं होती है।

## भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर जताई आपत्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत ने** इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके की यात्रा को गंभीरता से लेते हुए इसे अत्यधिक आपत्तिजनक बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन अस्वीकार्य है। इसमें बताया गया कि सचिव ने उल्लंघन पर नई दिल्ली में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।



## न्यूज फ्लैश

### डीटीपी ने हाइवे पर 30 एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी गिराई

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

राष्टीय राजमार्ग-19 स्थित गदपुरी व जटोला गांव में 25-30 एकड़ कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी में डीटीपी की ओर से शनिवार को तोड़ फोड़ की। जेसीबी मशीन ने 700 मीटर रोड़, दो निमार्णाधीन मकानों व बाउंडरी वॉल को ध्वस्त कर दिया। टीम के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल मौजूद रहा, जिसके चलते किसी ने विरोध नहीं किया। डीटीपी नरेंद्र नैन ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें। उन्होंने कहा कि समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके, ताकि बाद में कोई विवाद न हो। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदे व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

### गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहा ईराकी नागरिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

मुख्यमंत्री उडन दस्ता गुरुग्राम की टीम ने गुरुग्राम में वीजा खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे ईराकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह सुशांत लोक थाना क्षेत्र में रह रहा था। मुख्यमंत्री उडनदस्ता को काफी समय से सूचनाएं मिल रही थी कि काफी विदेशी नागरिक जो भारत में स्टूडेंट व मेडिकल वीजा लेकर गुरुग्राम आते हैं, लेकिन वे वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वापस नहीं लौटते। अवैध रूप से यहीं पर रहते हैं। वे गुरुग्राम के बड़े अस्पतालों में आए विदेशी मरीजों के लिए इंटर प्रेटर का काम करते हैं। इस सूचना पर मुख्यमंत्री उडनदस्ता की टीम सुशांत लोक एरिया में फोर्टिस अस्पताल के पास पहुंची। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम के बाहर गेट पर उसे एक ईराकी व्यक्ति मिला। मुख्यमंत्री उडन दस्ता टीम द्वारा बाहर खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा, जिसने अपना नाम फलीह हुसैन ढेया फलीह बताया। वह सेक्टर-43 क्षेत्र में रह रहा था। इस ईराकी नागरिक से पूछताछ में पता चला कि उसके पासपोर्ट की वैधता 25 अक्टूबर 2030 तक पाई गई। वह वीजा के सम्बन्ध में कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब उसकी जांच की जाएगी कि वह कब से यहां रह रहा है और वह किन बड़े अस्पतालों में इंटरप्रेटर का काम करता है। ईराकी नागरिक के खिलाफ थाना सुशांत लोक में विदेशी एक्ट की अवहेलना करने पर केस दर्ज किया गया।

### टोहाना के पास भाखड़ा नहर में मिला मॉडल दिव्या का शव

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**मॉडल** एवं गैंगस्टर संदीप गाड़ौली की महिला मित्र रही दिव्या पाहुजा हत्याकांड में पुलिस को दो दिन में दो बड़ी कामयाबी मिली। पहली तो शव को ठिकाने लगाने वाले बलराज गिल की गिरफ्तारी और दूसरी उपलब्धि हत्या के 11 दिन बाद दिव्या पाहुजा का शव बरामद हुआ। उसके कंधे के नीचे बने टैटू से दिव्या होने की पहचान की गई।

आरोपी बलराज गिल और रवि बंगा दिव्या के शव को बीएमडब्ल्यूए कार में गुरुग्राम से लेकर गए थे। वह कार पटियाला में बस अड्डे के पास खड़ी मिली। कार में तो दिव्या का शव नहीं था, लेकिन पुलिस को आशंका थी कि शव को भाखड़ा नहर में फेंका गया हो। इसलिए गुरुग्राम क्राइम ब्रांच पुलिस व एनडीआरएफ की टीमों ने मिलकर सर्च अभियान चलाया। फतेहाबाद जिला के खनौरी एव टोहाना के बीच भाखड़ा नहर में यह सर्च अभियान चलाया गया। शनिवार को दिव्या का शव हत्या के 11 दिन बाद गांव टोहाना के निकट गांव कुदनी में भाखड़ा नहर के हेड से बरामद हुआ। गौरतलब है कि गुरुग्राम के बस अड्डे के निकट सिटी प्वायंट होटल में स्थानीय बलदेव नगर निवासी दिव्या पाहुजा (27) की हत्या करके उसके शव को ठिकाने लगा दिया गया था। होटल से शव को कुछ देरी पर ले जाकर बीएमडब्ल्यूए कार में शिफ्ट किया गया। दिव्या पाहुजा की हत्या का उसकी बहन की शिकायत पर थाना सेक्टर-14 में केस दर्ज किया गया। गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस केस में हत्या करने वाले मुख्य आरोपी अभिजीत सहित हेमराज व ओमप्रकाश को तो पहले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में नजफगढ़ की रहने वाली मेघा नामक युवती को भी गिरफ्तार किया गया। शव को ठिकाने लगाने के लिए गए आरोपी बलराज गिल व रवि बंगा फरार थे। बलराज गिल मोहाली और रवि बंगा हिसार के मॉडल टाउन का रहने वाला है। बलराज गिल कई वर्षों से अभिजीत के साथ ही उसके दिल्ली स्थित साउथ एक्सटेंशन वाले घर में रह रहा था।

# 'करनाल के विभिन्न वार्डों में 2 हजार करोड़ से अधिक की राशि के हुए विकास कार्य'

### अच्छे ठेकेदार भी तैयार करेगी सरकार - मनोहर लाल, बलड़ी गांव में दो एकड़ में बनेगा सामुदायिक केंद्र, बोले - यात्रा के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के मामले में हरियाणा अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/प्रिंस राजकुमार**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में विकास के एक लाख कार्य और होने वाले हैं। इन्हें जब पोर्टल पर डालते हैं तो कार्य करने के लिये ठेकेदार नहीं मिलते। काम ज्यादा हो गये, ठेकेदार कम हैं। यूनिवर्सिटी से बात करके सिविल इंजीनियरिंग पास करने वाले 15 हजार युवाओं को ट्रेनिंग देकर अच्छे ठेकेदार तैयार किये जायेंगे। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री करनाल के वार्ड एक की बसंत विहार कॉलोनी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने लोगों को लोहड़ी और मकर सक्रांति के साथ-साथ 22 जनवरी को अयोध्या में किये जाने वाले राम मंदिर उद्घाटन की शुभकामनायें दी। साथ ही बताया कि 26 जनवरी को करनाल पुलिस लाईन में आयोजित किये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भी वे खुद शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम अप्रैल में शुरू किया गया था। उन्होंने खुद 115 कार्यक्रम कवर किये। 30 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। प्रदेश में यात्रा के 80 प्रतिशत कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं। वार्ड एक में 116 करोड़ और करनाल शहर के विभिन्न वार्डों में 2 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के मामले में हरियाणा देश में नंबर एक पर है। यात्रा के दौरान पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड, पैंशन, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड आदि मौके पर ही बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गरीबी की आय सीमा को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये सालाना किया जा चुका है। आय सीमा बढ़ाने से प्रदेश में बीपीएल परिवारों की संख्या 29 लाख से बढकर 44 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 6 महीनों में प्रदेश में 60 हजार युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी। स्वरोजगार व प्राइवेट नौकरियों में सहायता करने के साथ-साथ सरकार युवाओं को रोजगार के लिये विदेश भेजने में भी सहयोग कर रही है। विदेश जाने के इच्छुक 15 हजार युवाओं को रोहतक में कार्य में दक्ष (स्किलिंग) किया जा रहा है।



### जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त 60 हजार शिकायतें पोर्टल पर दर्ज

**जनसंवाद** कार्यक्रम में सेठपाल, लीला देवी, रोशनी, दर्शना देवी और सुभाष चंद्र की मौके पर ही पैंशन बनाई गई। पांचों को मुख्यमंत्री ने पैंशन स्वीकृति संबंधी प्रमाण पत्र सौंपा। साथ ही बताया कि इस वार्ड में 1970 लोग पैंशन पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त 60 हजार शिकायतें पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से दस हजार का निपटारा किया जा चुका है और 25 हजार पाईप लाईन में हैं। मुख्यमंत्री ने उचानी के पास फुटओवर ब्रिज बनाने, वार्ड के तहत आने वाले पांच गांवों को लाल डोरा मुक्त करने, गलियों में स्टार्म वाटर के लिये पाइप लाईन बिछाने और बलड़ी गांव में दो एकड़ में सामुदायिक केंद्र और अगले शैक्षणिक सत्र से पूर्व स्कूल के भवन को नया बनाने की मांग को पूरा करने का ऐलान किया।

# 'लोकसभा व विधानसभा चुनावों में रिकार्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा'



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल शनिवार को फतेहाबाद जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित लोहड़ी मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने पहुंची। सर्वप्रथम गांव दरियापुर में पूर्व सरपंच स. जनरैल सिंह के निवास पर श्री अखण्ड साहिब जी पाठ के भोग में सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की। इसके बाद दरियापुर के पंचायत घर में आयोजित लोहड़ी मिलन समारोह में पहुंचकर सांसद सुनीता दुग्गल ने गांववासियों के साथ खुशियां सांझी की। सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि आज भाजपा सरकार में चहुंओर खुशहाली का माहौल है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को सार्थक करते हुए भाजपा सरकार बिना भेदभाव को प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ विकास करवा रही है। जन जन की सुविधा के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार पर अटूट विश्वास है। यह भी तय है कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत होगी। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और हरियाणा में भी मनोहर लाल जी तीसरी बार मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश की बागडोर संभालेंगे।

**दावा**

8 फतेहाबाद जिला के विभिन्न गांवों में आयोजित लोहड़ी मिलन समारोह में सांसद सुनीता दुग्गल ने की शिरकत

# अशोक तंवर के भाजपा में शामिल होने के आसार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा आम आदमी पार्टी के प्रचार प्रमुख अशोक तंवर के भाजपा में शामिल होने के आसार बढ़ गए है। हरियाणा के आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने भी शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में इस बात के संकेत दिए है।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिन से अशोक तंवर से उनका संपर्क नही हुआ।



सुशील गुप्ता ने कहा कि बार बार दल बदलने से विश्वसनीयता समाप्त हो जाती है। हरियाणा के सियासी हलकों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि अशोक तंवर और क्रिकेटर युवराज सिंह जल्दी ही भाजपा में शामिल होंगे।

उधर,आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता कांग्रेस के साथ गठबंधन में हिसार या सोनीपत से लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक है। आप नेता अनुराग ढांडा भी कुरुक्षेत्र से लोकसभा चुनाव लडना चाहते है। सुशील गुप्ता ने शनिवार को कांग्रेस को गठबंधन के लिए आगाह किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का संगठन नही है।कांग्रेस अकेले चुनाव लडेगी तो हार जाएगी।मिलकर लड़ेगी तो सभी सीट जीतेंगे। अशोक तंवर को 2019के हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। विरोध में तंवर ने कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद तंवर ने हिंदुस्तान मोर्चा बनाया था।लेकिन जल्दी ही वे तरनमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।फिर जल्दी ही आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे।

### गोकशी के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर गौरक्षक थाने पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

दो दिन पहले गांव नाहरपुर के खेतों में हुई गोकशी के मामले में अज्ञात आरोपी हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर गौ रक्षक शनिवार को जठलाना के पुलिस थाने में पहुंचे। उन्होंने मांग की गोकशी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। वहीं जठलाना पुलिस थाना प्रभारी ने भी इस मामले में जल्द आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

# नशे की समस्या विकराल: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नशे की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार सिर्फ खानापूर्ति करने में ही लगी है। कई जिलों में हालात बद से बदतर हो चुके हैं और बड़े नशा कारोबारियों तक पुलिस के हाथ



पहुंच ही नहीं पा रहे। नशे के बढ़ते मामलों को देखते हुए जो निर्देश पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दिए थे, उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है। मीडिया का जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि आए दिन हाथ में लगी सिरिंज के साथ कभी बेसुध तो कभी जान गंवा चुके युवाओं की फोटो वायरल हो रही हैं।

सबसे ज्यादा 18 से 35 साल के युवा इसकी चपेट में हैं। पंजाब से लगते इलाकों में ज्यादा ही समस्या खड़ी हो गई है। सबसे प्रभावित जिलों में फतेहाबाद, सिरसा, फरीदाबाद, रोहतक, अंबाला, गुरुग्राम, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, हिसार, जींद व कैथल की गिनती हो रही है।

# डीजीपी ने किया दवा विक्रेताओं से संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में विकराल रूप लेती नशे की समस्या से निपटने के लिए प्रदेश के डीजीपी को दवा विक्रेताओं से सीधा संवाद करना पड़ रहा है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सिरसा में शनिवार को मेडिकल एसोसिएशनो और मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक की और कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल एसोसिएशनो तथा मेडिकल स्टोर संचालको की भूमिका महत्वपूर्ण है इसलिए वे हरियाणा पुलिस से कंधे से कंधा मिलाकर काम करें और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करें।

कपूर ने सिरसा के बरनाला रोड़ स्थित पंचायत भवन में मेडिकल स्टोर संचालकों व उनके प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। नशा एक सामाजिक समस्या है, इसके समाधान के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे । उन्होंन कहा कि किसी भी सूरत में दवाईयों का दुरुपयोग नही होना चाहिए इसीलिए कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक अपने यहां प्रतिबंधित नशीली दवाइयां की बिक्री न करें।



उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक डॉक्टरों की अधिकृत पर्ची के बिना दवाइयां न दें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने तथा शिक्षा व खेलों के प्रति जागरुक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे है।

### सीईटी का ग्रुप डी का परिणाम एचएसएससी ने जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप डी (सीईटी) की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षार्थी एचएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट एच एस एस सी डॉट जी ओ वी डॉट इन पर परिणाम देख सकते हैं। ग्रुप डी का परीक्षा 21 और 22 अक्तूबर को कराई गई थी। व इस परीक्षा के लिए कुल 13.75 लाख उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 8.5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 13557 पदों पर नौकरी दी जाएगी। इन अभ्यार्थियों की बोर्ड, विभाग और निगमों में भर्ती होगी।




# गांव मुंडलाना, बुसाना पहुंची संकल्प यात्रा

### गांव व शहरों में पहुंचकर लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को जिला के गांव मुण्डलाना, बुसाना, रूखी पाना तथा रूखी खास पहुंची। संकल्प यात्रा के तहत गांव मुण्डलना व बुसाना में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुशीला शर्मा तथा गांव रूखी पाना व रूखी खास में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक समिति गोहाना के चेयमैन प्रदीप खरब ने किया।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने करीब से महसूस किया और समझा गरीबों का दर्द-सुशीला शर्मा



मुण्डलाना ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जहां गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना जैसी योजनाएं लागू करके अंत्योदय की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबों की चिंता करते हुए अनेक अंत्योदय व जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश के गरीबों का दर्द करीब से महसूस किया और समझा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकारेंअंत्योदय व गरीब कल्याण की योजनाएं बनाकर गरीबों का जीवन स्तर उठाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है। गोहाना ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रदीप खरब ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है।

# प्रदेश में कबूतरबाजी के मामले में पांच सौ हुए गिरफ्तार: गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज

## कबूतरबाजी के मामले में लगभग 500 के करीब ऐसे आरोपियों को पकड़ने का काम भी किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में कबुतरबाजी के मामले में एसआईटी द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कबूतरबाजी के मामले में लगभग 500 के करीब ऐसे आरोपियों को पकड़ने का काम भी किया गया है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज शनिवार को शास्त्री कालोनी स्थित अपने निवास स्थान पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओ को सुन रहे थे। इस मौके पर उन्होंने लोहड़ी पर्व की भी प्रदेशवासियों को बधाई दी।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में कबुतरबाजी के मामलों के दृष्टिगत एक विशेष टीम बनाई गई है जोकि इस विषय पर निरंतर कार्रवाई अमल में ला रही है। घरौंडा से आए एक दम्पत्ति परिवार ने



उसके भाई को विदेश भेजने के नाम पर साढे 5 लाख रुपए की ठगी होने बारे, जंधेडी से आई एक महिला ने विदेश में भेजने के नाम पर साढे 3 लाख रुपए की ठगी होने बारे तथा एक-दो अन्य मामलों में भी विदेश भेजने के नाम पर ठगी होने की शिकायत प्रार्थियों ने गृह एवं स्वास्थ्य अनिल विज के समक्ष रखी। अनिल विज ने इन सभी मामलों में एसआईटी को मामला भेजते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हरियाणा में कबुतरबाजों को रहने नहीं दिया जायेगा, जिसकी भी मामले में संलिप्ता पाई गई उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

इसी प्रकार फिरोजपुर झिरका से आए एक दम्पत्ति परिवार ने दुष्कर्म के

**जनसुनवाई**

**8 विज निवास स्थान पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे**

मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने बारे अपनी शिकायत रखी। अनिल विज ने सम्बन्धित परिवार को कहा कि जनता राए न, इसलिए मैं बैठा हूं, किसी को भी रोने की जरूरत नहीं है। उन्होने इस मामले में सम्बन्धित को जांच भेजते हुए जो कार्रवाई की गई है उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। करनाल से आए एक दम्पत्ति परिवार ने उसके लडके के साथ मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने बारे, रोहतक से आए एक प्रार्थी ने लड़ाई-झगड़े के मामले में गल्त तरीके से धारा 307 लगने बारे, महेन्द्रगढ से आए एक प्रार्थी ने उसके मकान पर पड़ौस में रहने वाले वकील द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने बारे, नारनौंद से आई एक महिला ने उसकी बहु द्वारा उस पर व उसकी लडकी पर गल्त तरीके से मामला दर्ज करवाने बारे, अलेवा जींद से आए प्रार्थियों ने शिरोमणी श्री गुरू रविदास जी की मुर्ति तोड़ने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने बारे अपनी शिकायत रखी। इसी प्रकार करनाल से आई एक महिला ने अपनी शिकायत रखते हुए बताया कि वह कैंसर पीडित है तथा उसका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बना है जबकि उसकी परिवार पहचान पत्र में आमदनी भी एक लाख से कम है।

# शहीद स्मारक में निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे विज

## शहीद स्मारक का सिविल वर्क अंतिम चरणों में, गृह मंत्री विज ने निर्माण एजेंसी के स्टाफ से प्रगति जानी

**निरीक्षण**

**अनिल विज ने निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने जीटी रोड पर करोड़ों रुपए की लागत से निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर निर्माण कार्य का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए। विज ने स्मारक में मेन एंट्रेंस, कांफ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर रूम एवं स्मारक में अन्य निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के स्टाफ से कार्य की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य तेजी



एवं जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। श्री विज ने मेमोरियल टॉवर, पार्किंग एरिया आदि के निर्माण कार्य भी जानकारियां ली। निर्माण एजेंसी के स्टाफ ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि शहीद स्मारक में सिविल वर्क अंतिम चरणों में है। गौरतलब है कि सिविल वर्क कार्य पूरा होने के उपरांत आर्ट वर्क का कार्य शहीद स्मारक में प्रारंभ किया जाएगा।

**1857 की क्रांति के शहीदों को समर्पित है शहीद स्मारक:** गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से 1857 की क्रांति के शहीदों को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण किया जीटी रोड पर किया जा रहा है। स्मारक में 63 फुट ऊंचा कमल आकार का मेमोरियल टॉवर आकर्षण का केंद्र है जिसका निर्माण कार्य भी अंतिम चरणों में है। मेमोरियल टॉवर के ऊपर जाने का भी यहां प्रावधान होगा।

# लोहड़ी उत्सव में तीन राज्यों के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**लोक** कलाकार सदैव अपनी प्रतिभा तथा हुनर से अपने प्रदेश की संस्कृति का परिचय देते हैं। लोक संस्कृति ही किसी भी प्रदेश को महान्‍ बनाती है। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जानी वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां न केवल उनके प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति का बखान करती है, बल्कि उस प्रदेश के सामाजिक परिवेश का भी दर्शन कराती हैं। ये कहना था विद्या भारती संस्कृति शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के निदेशक डा. रामेंद्र सिंह का। मौका था कला कीर्ति भवन में हरियाणा कला परिषद् अम्बाला मण्डल द्वारा आयोजित लोहड़ी उत्सव का। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के कलाकारों ने अपने प्रदेश के लोक रंग प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में डा. रामेंद्र सिंह बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। लोहड़ी उत्सव का आगाज मुख्यअतिथि डा0 रामेंद्र सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी बृज शर्मा, अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हरियाणा



**संस्कृति**

**8 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति का बखान करती है: निदेशक**

कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति हरियाणा प्रदेश की महिला कलाकारों की रही, जिसमें आरती एवं साथी कलाकारों ने भगवान कृष्ण को समर्पित गीत गोकुल में ना जाईयो श्याम मईया की मान ले पर नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसक बाद संजीव एंटरटेनमेंट ग्रुप के कलाकारों ने पंजाबी प्रस्तुति अरदास का प्रस्तुतिकरण किया। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर से आए देवशर्मा की टीम ने सिरमौरी नाटी प्रस्तुत कर लोगों को हिमाचली संस्कृति से रुबरु करवाया। इसके साथ ही हरियाणवी वेशभूषा में सजे हरियाणा के छोरे जब हरियाणवी नृत्य के लिए मंच पर पहुंचे तो दर्शकों ने गर्मजोशी के साथ कलाकारों का स्वागत किया। भारत के कोने-कोने में धूम मची हरियाणे की गीत पर थिरकते हुए हरियाणवी छोरे कार्यक्रम में चार चांद लगाते नजर आए। मुख्यअतिथि डा. रामेंद्र सिंह ने कलाकारों एवं दर्शकों के साथ मिलकर लोहड़ी जलाकर लोहड़ी उत्सव को मनाया। सुंदर मुंदरिये तेरा कोन वचारा आदि लोकगीतों के साथ एक तरफ जहां कलाकार ढोल की थाप पर थिरके। हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा सहित कला परिषद के कर्मचारियों व सभी दर्शकों ने नाचते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।

# एनएसएस इकाइयों ने एक दिवसीय शिविर में चलाया साफ सफाई अभियान


**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में एनएसएस की दोनों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रवीण यादव द्वारा किया गया।

कॉलेज में फलदार पेड़ों को ठंड से बचाने के लिए बाजरे की पुलियों से ढका। कॉलेज के विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने कॉलेज प्रांगण में लगे हुए विभिन्न किस्मों के फलदार,शोभा दार, छायादार सहित छोटे पौधों का बचाव किया।

# 'स्वामी विवेकानंद ने भारत की छवि को मजबूती के साथ पेश किया'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती स्वच्छता सेनानी और पर्यावरण सेवक सम्मान समारोह के रूप में मनाई गई। जिसमें स्वच्छता सेनानियों और पर्यावरण सेवकों को कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने स्वामी विवेकानंद को उनकी 161वीं जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महान समाजसेवी व समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा



स्त्रोत रहे हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाकर देश को आगे बढ़ाने के लिए योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का जागरण जिस समय किया वह बहुत महत्वपूर्ण है इसके साथ ही विदेशी धरती पर आने वाली कठिनाइयों को सहन करते हुए स्वामी विवेकानंद का अमेरिका के शिकागो में दिए भाषण को आज भी देश-दुनिया में याद किया जाता है, जिससे पूरी दुनिया के सामने भारत को एक मजबूत छवि के रूप में पेश किया।

**प्रेरणा स्त्रोत**

**8 महान समाजसेवी व समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं**

अमेरिका समेत पूरी दुनिया जान गई भारत आध्यात्मिक ज्ञान से कितना समृद्ध देश है।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। किन्तु भारत को फिर से विश्व गुरु बनने के लिए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है।

# श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व समृद्ध भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाने वाला लोहड़ी त्योहार हिंदुओं और सिखों के लिए पवित्र त्योहार



है। वहीं आयुर्वेदिक दृष्टि से भी यह त्योंहार खासा महत्व रखता है। इस दिन लोग तिल के लड्डू से लेकर गजक और तिल गुड़ की रेवड़ी का सेवन करते हैं। तिल में आयुर्वेद के गुण भी होते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। तिल में पाए जाने वाले पोषक तत्व कई बीमारियों के खतरे से बचाते हैं। इसलिए इसका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि जिस घर में लड़का पैदा होता है उस घर की पहली लोहड़ी के रूप में यह त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन आजकल लोगों ने बेटे-बेटियों में फर्क मिटा दिया है जो समाज का सराहनीय कदम है,

**वितीय सहायता**

**8 ~~सेवा आश्रम योजना के तहत अकेले रह रहे बुजुर्गों की सेवा आश्रमों में की जाएगी रहने की व्यवस्था~~**

# मथुरा नगरी वृद्ध आश्रम में लोहड़ी पर्व मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर के मथुरा नगरी स्थित वृद्ध आश्रम में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने बताया कि हर साल रेडक्रॉस के जीवनधारा वृद्धाश्रम में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां पर 23 बुजुर्ग हैं। जिसमें महिलाओं और पुरूषों के अलग-अलग कमरे हैं। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल रखा जाता है और कैंप भी लगाए जाते हैं। आज लोहड़ी के पर्व पर वहां मौजूद बुजुर्गों ने परंपरागत गीत गाए। बुजुर्ग महिला ने बताया कि पहले लोहड़ी को विशेष तौर पर एकजुट होकर मनाते थे। यहां तक कि लोहड़ी आते ही सर्दी भी खत्म हो जाती थी लेकिन समय के साथ सबकुछ बदल रहा है। इस साल सर्दी भी ज्यादा है तो वहीं एक अन्‍ बुजुर्ग ने बताया कि हर साल यहां पर लोग उनके साथ लोहड़ी का पर्व मनाने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं लेकिन इन सबमें तिल का विशेष महत्व है।


# मॉडर्न संस्कृति स्कूल में एनएसएस कैम्प समापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय मार्डन संस्कृति सिनियर सैकंडरी स्कूल नन्योला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ 7 जनवरी को हुआ और आज 13 जनवरी को समापन हुआ` कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पी.ओ जसविंदर सिंह के नेतृत्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यालय प्रांगण को साफ सुथरा बनाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय समाजसेवी डॉक्टर सुषमन शर्मा व पूर्व सरपंच श्री नरेश वत्स ने कैंप के सर्वोत्तम वॉलिंटियर रवि कश्यप व जशनदीप शर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# रेलवे अंडरपास पर भरा पानी, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन से मानव चौक जाने वाले अंडरपास में एक बार फिर से जलभराव हो गया। जिसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ लोग तो पानी में से वाहन निकालने के प्रयास भी कर रहे थे लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण स्कूटर एक्टिवा पानी के बीच में ही बंद हो गए। जिस कारण सर्दी के इस मौसम में लोगों को ज्यादा परेशान होना पड़ा। अंडरपास में पानी भरा होने के चलते लोगों ने प्रशासन को जमकर कोसा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अंडरपास में पानी भरा हो। जबसे





अंडरपास बना है तब से इसमें जलभराव की समस्या बनी रहती है। अंडरपास में लीकेज की समस्या को दूर करने के लिए भाखड़ा नंगलडैम से भी इंजीनियर्स की टीम आई थी लेकिन उसके बाद भी हालात में कोई खास सुधार नहीं आया। वहीं प्रशासन ने छत से टपकते पानी को रोकने के लए खानापूर्ति करते हुए पाइप लगाकर नालियां बना दी। वहीं आज अनेक वाहन चालकों ने बताया कि अंडरपास में पानी होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वह विभिन्न कार्यों के लिए इस मार्ग से रोजाना जाते हैं लेकिन पानी भरा होने के कारण उन्हें तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाते हुए जाना होगा। उन्होंने बताया कि जिससे उन्हें परेशानी हो रही है व साथ में समय व धन भी अधिक लग रहा है। वहीं इस मार्ग से पैदल जाने वाले लोगों ने बताया कि अंडरपास में पानी भरा होने के कारण उन्हें अब एक बार फिर से रेल की पटरियां पार करने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि प्रशासन को चाहिए कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करे और पानी निकासी के उचित प्रबंध करें। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार अंडरपास में पानी भरा होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

# कई दिनों बाद निकली धूप, मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

गत दिवस दिनभर सूरज की आंख मिचौली जारी रही। दोपहर में एक समय ऐसा था जब लोग सूरज निकलता देख काफी खुश नजर आ रहे थे। कुछ लोग तो घरों की छत्तों पर धूप का आनंद लेने के लिए बैठे हुए थे। वहीं मौसम खुलता देख बाजारों में भी चहल पहल शुरू हो गई थी, लेकिन कुछ ही देर में मौसम ने फिर करवट पलटी और सर्दी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। आने वाले तीन दिनों तक अंबाला में लोगों को सर्द मौसम से राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि इसके बाद राहत की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार को दिन में कुछ समय के



लिए धूप निकली तो राहत मिली लेकिन बादलों और सूर्य के बीच लुकाछिपी चलती रही। शुक्रवार को दिन में कुछ समय के लिए धूप निकली तो राहत मिली, लेकिन बादलों और सूर्य के बीच लुकाछिपी चलती रही। सुबह व दोपहर के बाद आसमान में बादल छाये रहे, जबकि सर्द हवा ने भी परेशानी बढ़ा दी। अंबाला में धुंध का हलका असर रहा, जबकि विजिबिलिटी भी 200 से 500 मीटर तक की रही। शनिवार के लिए रेड अलर्ट है, जबकि इसके बाद सोलह जनवरी तक आरेंज अलर्ट है। हालात यह हैं कि अधिकतम पारा सामान्य से कहीं नीचे है, जबकि अधिकतम व न्यूनतम के बीच 5.6 डिग्री का अंतर है।

# मुख्यमंत्री ने लोगों को स्वास्थ्य की गारंटी दी: विधायक गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना को लॉच करके हरियाणा में पहले बेस के अंदर 14.50 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया। इसी तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तुरंत चिरायु/आयुष्मान योजना लॉच करके 15 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर इसमें सम्मलित करने का काम किया। हरियाणा में आज 2.70 करोड़ लोगों में से लगभग 1.50 लाख लोग आयुष्मान कार्ड की सुविधा ले रहे हैं। यह सब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लोगों को स्वास्थ्य की गारंटी दी है। विधायक असीम गोयल नन्यौला विकसित भारत



संकल्प यात्रा जन संवाद के दृष्टिगत गांव ईस्माईलपुर, मस्तपुर, तर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर विधायक ने सभी ग्रामवासियो को लोहड़ी पर्व की बधाई दी। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि विकसित संकल्प जन संवाद यात्रा के माध्यम से पिछले साढे नौ वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास के नये आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, उसे यात्रा के माध्यम से दर्शाने का काम किया गया है। जन संवाद यात्रा के तहत यहां पर विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से लोगों को विभाग द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें आयुष्मान कार्ड,

**संकल्प**

**8 आज 2.70 करोड़ लोगों में से लगभग 1.50 लाख लोग आयुष्मान कार्ड की सुविधा ले रहे हैं**

चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाएं व अन्य योजनाएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलवाने का काम किया जा रहा है वहीं लोगों की पैंशन से सम्बन्धित समस्या, परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित समस्या या अन्य कोई भी समस्या है उस बारे जानकर अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का निवारण भी किया जा रहा है। श्री गोयल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को संसार का सबसे ताकतवर एवं विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है, उस सपने को हमने पूरा करना है। उन्होंने कहा कि गांव ईस्माईलपुर में पहले 508 कार्ड बने हुए थे, आज मौके पर 33 आयुष्मान कार्ड बनाकर गांव के कुल 541 आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। गांव के लोगों को 27 करोड़ रुपए की गारंटी प्रतिवर्ष श्री नरेन्द्र मोदी व श्री मनोहर लाल ने गारंटी दी है।

## संपादकीय

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

**भगवान** श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'श्रीराम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निगुर्णों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है।

श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मयार्दा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर "निर्गुण राम जपहुं रे भाई।" श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मयार्दा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निमार्ता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं।

# भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है



हृदयनारायण दीक्षित

> "हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, "सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, "सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।" वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, "यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।"

**भारत** उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है।
भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, "जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।" सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, "मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।"
सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, "सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं।" फिर कहते हैं,"पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीघार्यु भी दें।" सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, "माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।"



ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, "आदित्य ही प्राण हैं।

छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं।

हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, "सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, "सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।" वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, "यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।" ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, "मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।" अंत में कहते हैं, "बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।"सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, "मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।" सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने "वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप" पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है, "सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं।

ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं।" ऋषि कहते हैं, "सविता सूर्य विश्वरूपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं।" ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताए गए हैं। पहला भौतिक अग्नि। दूसरा मेघों बादलों में विद्युत रूप अग्नि और तीसरे सूर्य। ऊषा देवी सूर्योदय के पहले की आभा हैं। ऊषा की स्तुति में कहते हैं, "ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी प्रकृति के शाश्वत नियमों के अनुसार चलती है।" यहां ऊषा का वस्त्र प्रकाश है। आगे बताते हैं जैसे भद्र नारियां सोए हुए परिजनों को जगाती हैं। वैसे ही ऊषा भी सोने वालों को जगाती हैं।" वैदिक समाज के लोग प्रातःकाल उठते थे। वे सूर्योदय देखते थे। आनंदित होते थे। सूर्य नमस्कार करते थे। ऊषाकाल वैदिक समाज के लोगों का जागरण काल है। ऋषि ने ऊषा को लेकर सुन्दर मंत्र रचे हैं। कहते हैं कि "यह ऊषा जैसे पति से मिलने के लिए मुस्कराती हुई अपना सौंदर्य प्रकट करती है।" ऋषियों का भावबोध सौंदर्यबोध भी बहुत गहरा है। कहते हैं, "ऊषा अपने पराए का भेद नहीं करती। जैसे छोटी बहन बड़ी बहन के लिए स्थान खाली कर देती है वैसे ही रात्रि रूपी छोटी बहन बड़ी बहन ऊषा के लिए अपने स्थान से हट जाती है।" ऋषियों के मन में अच्छे लोगों के आदर के लिए भेदभाव भी हैं। स्तुति है, "हे ऊषा आप कंजूस लालची को न जगाएं। कर्मठ संघर्षशील लोगों को ही जगाएं।" प्रार्थना यह भी है कि वे हमारी बुद्धि को सत्कर्मों के लिए प्रेरित करें।" ऊषा जैसा मनोरम चरित्र दुर्लभ है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है।
ऋग्वेद (3-62-10) के अनुवाद में सातवलेकर कहते हैं, "हम सविता देव के उस श्रेष्ठ वरण करने योग्य तेज का ध्यान करते हैं। वे सविता हमारी बुद्धियों को उत्तम मार्ग के लिए प्रेरित करें-तत्स वितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात।" मकर संक्रांति के अवसर पर इसी मंत्र का पुरस्चरण करते हुए लोकमंगल की उपासना करें।

## कविता

हे पतंगबाज !
मुझे पता है कि तुम मकर संक्रांति के इस पर्व पर
बहुत खुश, आनंदित हो।
तुम्हारे हाथों में तीक्ष्ण मांझा है।
तुम पेंच लड़ाने में
स्वयं को बहुत
आल्हादित महसूस कर रहे हो।
दिनभर मौज-मस्ती में लीन हो।
तुम्हारे पास डीजे का जोरदार साउंड है।
मिठाईयों की , तिल-गुड़, रेवड़ियों की बहार है।
मस्ती का नशा
तुम्हारे सिर चढ़कर बोल रहा है।
'वो काटा, वो मारा' की आवाज तुम्हारे दिल को
न जाने कितना सुकून दे रही है ।
तुम्हारे लबो पर हंसी तैर रही है।
लेकिन हम
भोर से लेकर शाम ढलने तक,
छिपे हैं अपने नीड़ में
भूखे-प्यासे !
हमारे मन में एक अजीब सी घबराहट है
बेचैनी है ।
'मकर संक्रांति' का पर्व क्या हमारे लिए नहीं आता
?
तुम्हें पता है-
इस दिन(मकर संक्रांति पर)सूर्य देव अपने पुत्र शनि
देव से मिलने उनके घर जाते हैं।
खुशियां तैरती हैं चहुंओर।
लेकिन
हमारी खुशियों को 'तुम्हारी खुशियों का मांझा'
ग्रहण लगाता है।

सुनील

## नकारात्मक राजनीति का मोहरा बने शंकराचार्य

**नकारात्मक** राजनीति कांग्रेस और उसके नेताओं की आदत बन चुकी है। भाजपा नीत केंद्र सरकार के हर निर्णय का बिना सोच-विचार के विरोध करना कांग्रेस जरूरी समझती है और अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों के हित और अहित की भी परवाह नहीं करती।हाल ही में अयोध्या में रामजन्मस्थान मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कांग्रेस ने एक नया विवाद छेड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस के नेताओं ने कहना शुरू कर दिया कि शंकराचार्यों को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में न बुलाकर भाजपा ने हिन्दुओं को बांटने की साजिश की है, भाजपा रामानंदी संप्रदाय और शैव संप्रदाय को बांटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस अयोध्या में होने वाले भव्य समारोह का बॉयकॉट करे, समझ में आता है। लेकिन शंकराचार्य जैसे बड़े धार्मिक पद पर बिराजे संत प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर सवाल उठाएं, ये दुख और दुर्भाग्य की बात है। आदि शंकराचार्य ने सिर्फ 32 साल की आयु में पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले चार मठों को स्थापना की, देश के चार अलग अलग कोनों में मठ स्थापित किए, उन मठों की ज़िम्मेदारी समाज को रास्ता दिखाने वाले संतों को दी। ये परंपरा दो हजार साल से जारी है। आज भी हिन्दू जनमानस में शंकराचार्य का सम्मान सबसे ज्यादा है। शंकराचार्य व्यक्तिगत राग-द्वेष..मान-अपमान, मोह और अंहकार से मुक्त होते हैं। मोक्ष का मार्ग बताते हैं, सनातन परंपरा के वाहक होते हैं। ऐसे में अगर कोई शंकराचार्य ये कहे कि मोदी मंदिर का उद्घाटन क्यों कर रहे हैं? मोदी प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में यजमान क्यों हैं? मंदिर का उद्घाटन अभी क्यों हो रहा है? तो ये बात उनके पद, गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं है। शंकराचार्य को इससे क्या लेना देना कि कब चुनाव हैं? किस पार्टी की सरकार है? चुनाव देखकर महूर्त निकाला गया या नहीं? जब शंकराचार्य इस तरह के बयान देते हैं तो इससे पूरे संत समाज की प्रतिष्ठा पर सवाल उठते हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के नेता इस मामले में शंकराचार्यों के अंह को भड़का रहे हैं और फिर उनके बयानों को सियासी रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस ने इस मामले में दो शंकराचार्यों को अपनी सियासत का मोहरा बना दिया क्योंकि कांग्रेस हाईकमान ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया और कांग्रेस अब इससे किसी तरह पीछा छुड़ाना चाहती है। लेकिन ये इतना आसान नहीं होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि शकंराचार्य सनातन परंपरा के वाहक है, भाजपा और श्ऌढ शंकारचार्यों का अपमान कर रही है, इसीलिए शंकराचार्यों ने इस कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया है। इसके बाद दो शंकराचार्य - ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और पुरी गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के बयान भी आ गए। दोनों शंकराचार्यों ने कहा कि वो 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जाएंगे।

## विचार

# भारत की पहचान का मूल तत्व हैं श्रीराम

आशीष वशिष्ठ

**श्रीराम** भारतीय संस्कृति की चेतना के प्राण तत्व है। संपूर्ण भारतीय संस्कृति में राम नाम की महत्ता की चर्चा पाई जाती है। भगवान श्री राम साधन नहीं साध्य हैं। श्रीराम को धर्म जाति देश और काल में सीमित नहीं किया जा सकता। श्रीराम ने समूची वसुधा को सत्य के मार्ग का अनुसरण करना सिखाया है। जीवन के प्राण तत्व राम हैं। भारतीय लोक जीवन में राम का महत्व सदियों से रहा है। श्रीराम कण-कण में व्याप्त है। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा के स्रोत हैं। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण कर भारत भूमि पर उतरी थी। वे सम्पूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना के पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। श्रीराम के साथ रहना और उनके साथ चलना किसी दिव्य जीवन प्रवाह के साथ चलने जैसा है। उस दिव्य प्रवाह के साथ जो निरन्तर है, जिसमें हर क्षण नये-नये जल कणों का सम्मिलन होता रहता है, जिसका गन्तव्य वह महासागर है, जो असीम है, सीमाबद्धता जिसे अमान्य है। नित्य नयी लहर, नित्य नयी ऊर्जा के स्रोत हैं राम। देश में एक ऐसा समूह भी है जो श्रीराम और राम मंदिर का विरोध करता है। इस समूह में राजनेता, राजनीतिक दल और तथाकथित बुद्धिजीवी शामिल है। इस समूह से अहम प्रश्न यह है कि जो लोग राम या राम मंदिर का विरोध करते हैं, उनकी नीयत क्या है? क्या वे अपनी स्थापनाओं के प्रति सचमुच ईमानदार हैं? क्या उनमें यह कहने का साहस है कि वे श्रीराम को पूर्णतः अस्वीकार करते हैं? क्या श्रीराम से जुड़ा जीवन दर्शन अराष्ट्रीय है? भारत की पहचान का मूल तत्व राम नहीं तो और क्या है? यदि इन और इसी प्रकार के अन्य प्रश्नों का उत्तर वे नहीं देना चाहते, और यदि उत्तर देते भी हैं, तो हीलाहवाला करके देते हैं, तो यही कहना पड़ेगा कि वे सब डरे हुए लोग हैं, लोभी लोग हैं। केवल सत्ता के सौदागर हैं। लोकजीवन की मान्यताओं, राष्ट्रीय परम्पराओं और प्रेरणा पुरूषों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। इस खेमे के चरित्र का मर्म यह है कि यदि श्रीराम की भक्ति में वोट मिलताा होगा तो वे श्रीराम का एकमात्र भक्त होने की घोषणा कर देंगे और यदि श्रीराम को कोसने से सत्ता का समीकरण बनता दिखाई देता है तो श्रीराम को राष्ट्रघाती घोषित करने में उन्हें कोई संकोच नहीं होगा। आजादी के बाद से अब तक वे जिस गांधी के नाम की राजनीतिक हुण्डी भुनाते आए हैं, उसी गांधी रामराज्य और हिन्दू स्वराज्य का तिरस्कार भी इन्हीं लोगों ने किया है। वे लोहिया ओर जयप्रकाश के भक्त नहीं है। इनके लिए लोहिया, जयप्रकाश और नरेंद्र देव राजनीतिक जोड़ तोड़ का मसाला है। भारत के इतिहास और पुराण में, भारत की आध्यात्मिक विचारधारा में और इसके जन-मन में राम जिस गहराई से रचे-बसे हैं, वह स्वयं ही इस बात का प्रमाण है कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की भी कल्पना नहीं की जा सकती। राम राष्ट्र हैं, राष्ट्र के प्राण भी हैं। राम राज्य हैं और राज्य के आदर्श भी हैं। राम भारत के लोक हैं, उसकी मंगलकामना भी हैं, राम घट-घट व्यापी ईश्वर हैं तो राम अयोध्या में सशरीर प्रकट होने वाले रामलला भी हैं। कई सहस्त्र वर्ष पूर्व, जब विश्व के अधिकांश हिस्सों में शासक सिर्फ विजेता थे, जो प्रायः बर्बर हुआ करते थे, उस समय राम ने मानवता, त्याग और न्याय की अनुकरणीय भावना का प्रदर्शन किया। उनका सम्मान इसलिए नहीं किया जाता कि वह बाहरी दुनिया के विजेता थे, वह भीतरी जीवन के विजेता हैं, क्योंकि वह विपरीत परिस्थितियों में डगमगाते नहीं हैं। रावण को मारने के बाद भी उनकी आंखों में क्रोध नहीं दिखता, वह गिरे हुए रावण के शव के पास आते हैं और उन्हें जो कार्य करना पड़ा, उसके लिए पश्चाताप करते हैं। अपने जीवन की सारी चुनौतियों के बीच, वह कभी अपना संतुलन नहीं खोते, कभी मन में कड़वाहट या प्रतिशोध नहीं रखते। वह काफी हद तक छल-कपट या राजनीति से दूर रहते हैं और अपनी शक्ति के दुरुपयोग को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्रिप्टो करेंसी (आभासी मुद्रा) का मायाजाल

**आज** का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है' वैश्विक स्तर पर हर देश में आज तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं' तकनीकी परिवर्तन के कारण देश में हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन हो रहा है' ऐसा ही एक नया प्रयोग,नवाचार आभासी मुद्रा यानी क्रिप्टो करेंसी का आर्थिक क्षेत्र में पदार्पण हुआ है' क्रिप्टो करेंसी के सिक्के के भी दो पहलू हैं एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं और दूसरे पहलू में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित है। इसको अपनाने से पहले या इसे स्वीकार करने से पहले इसके कानूनी पक्ष और विधि सम्मत स्वीकार्यता पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। क्रिप्टोकरंसी एक डिजिटल मुद्रा है, जिसे ना तो देखा जा सकता है ना ही चुन सकते न मुद्रा की भांति जेब में या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। यह करेंसी भौतिक रूप से उपलब्ध ना होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह एक स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है इसका संचालन व नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह एक डिजिटल मुद्रा है। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म के आधार पर बनाया जाता है। किसे केवल कंप्यूटर में ही देखा जा सकता है गिना जा सकता है एवं भुगतान किया जा सकता है। यह मुद्रा सरकारी नियंत्रण से मुक्त है। विश्व में सबसे पहले 2009 में जापान के संतोषी नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करेंसी उपलब्ध है, जो पियर टू पियर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के रूप में काम करती है। वर्तमान में क्रिप्टोकरंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है इसकी लोकप्रियता का कारण एक यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है।

जिसके लेन देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था बहुत उपयुक्त लगती है। इसके लेनदेन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है। जिसके लेन देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लेनदेन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है।

## ऐसा भी होता है

डॉ. सुरेश कुमार

**तूती** और जूती का बड़ा गजब संबंध है साहब। जब तक तूती बोलती है तब तक सामने वाले की जूती चुपचाप रहती है। तूती खत्म तो समझो जूती शुरू। याद कीजिये, ऐसा भी वक्त था, जब विराट बल्ला दुनियाभर में कोहराम मचा रखा था तब कोच से लेकर बोर्ड तक नांदिये की तरह सिर हिलाया करते थे। अब नांदिये बड़े मनचले हो चले हैं। वे अच्छी तरह से जानते हैं कि बहती हवा से अनील को हटाकर अपने इशारे पर नाचने वाले रवि का विराट पर्व इसी पिपुड़ी की कारगुजारी थी। न रहेगी पिपुड़ी न हिलेंगे सिर। इसलिए पहले सफेद पिपुड़ी छीन ली गई तो बाद में लाल पिपुड़ी देने पर मजबूर कर दिया। वह भी एक दौर था, यह भी एक दौर है। पहले-पहल मैदान पर गरियाना नवजात शिशु की बचकानी हरकत सी अच्छी लगती थी। आगे चलकर गरियाने का ग्राफ अपने चरम पर पहुँचा और उधर बल्ला भी अपना उग्र रूप दिखा रहा था। गरियाने और बल्ले में तालमेल था, इसलिए सब कुछ ठीक था। जैसे-जैसे बल्ला ठंडा पड़ता गया गरियाना अखरने लगा। वैसे भी दूध देने वाली गाय की लात भी मीठी होती है। उसका भी अपना मजा होता है। लेकिन दूध न देने वाली गाय और रन न बनाने वाला बल्ला दोनों कभी भी नजरअंदाज किये जा सकते हैं। विराट पर्व की रवि जुगलबंदी ऐसी थी मानो जिसे छू लें वह सोना बन जाए। खिलाड़ियों को पुर्जों की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। कभी यह पुर्जा तो कभी वह पुर्जा। पुर्जे को भी पता नहीं चलता कि उसे क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर क्यों उठाकर फेंक दिया जा रहा है। जब तक यह समझते तब तक उनका कैरियर समाप्त हो चुका होता। कहते हैं कि रवि की किरणें कभी भेदभाव नहीं करतीं। सब पर एक समान पड़ती हैं। सबको एक समान चमकाती है।

किंतु विराट पर्व में रवि का काम केवल विराट को चमकाना था, न कि पूरे दल को। यह एक ऐसा अजीबोगरीब रवि था जिसकी किरणें फिक्स्ड और लिमिटेड थीं। आधुनिक विराट और प्राचीन विराट पर्व का अपना-अपना महत्व है। आधुनिक विराट पर्व में अज्ञातवास की अवधि विराट द्वारा निर्देशित होती थी।

## न्यूज फ्लैश

### राजकुमार शर्मा फाउंडेशन व दृष्टि सेवा समिति द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 457 लोगों ने करवाई जांच

**राई।** गांव मुरथल में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा व दृष्टि सेवा समिति द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया । शिविर में 457 लोगों की जाँच हुई, जिसमें से 68 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया। संस्था द्वारा दिल्ली में उनका निशुल्क आप्रेशन करवाया जाएगा। शिविर का शुभारम्भ राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने ग्रामीणों के सहयोग से किया। गांव के बुजुर्गों ने फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सराहनीय काम है। प्रतीक शर्मा ने संस्था की तरफ से जरूरतमंद को चश्मे वितरित किए। डा. श्राफ चेरिटेबल नेत्र अस्पताल की टीम के डॉ धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम रीतिका, सोनिया और दृष्टि सेवा स्मिति के संस्थापक नरेंद्र भूटानी नेत्र जांच कार्य में लगे रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था हलके के सभी गांवों में नेत्र जांच के शिविर लगवाएगी। इसके अलावा संस्था द्वारा बहुत से समाजसेवा के कार्य किए जा रहे है। गांव के प्रधान रामेश्वर के साथ अशोक अंतिल, राम मेहर सैनी, हवा सिंह अंतिल, अनिल पांचाल, मुकेश सैनी, विनोद भोरिया, सुंदर मास्टर, पुजा सैनी, गुरदयाल मास्टर, देवी कौशिक आदि शामिल रहे।

### कैपकिड्स ने अपने खुदरा पदचिह्न का विस्तार किया, पोर्टफोलियो में मोहाली को जोड़ा

**मोहाली:** उत्तर भारत की सबसे बड़ी फैशन रिटेल कंपनी, कैप्सन्स की शाखा, कैपकिड्स ने 12 जनवरी, 2024 को सीपी 67 मॉल, मोहाली में अपना नवीनतम स्टोर खोला है। यह "डोर टू ग्लोबल फैशन" के विस्तार में एक और मील का पत्थर है। उत्तर भारत में कंपनी अपने 26वें स्टोर और 5वीं व्यक्तिगत कैपकिड्स शाखा के उद्घाटन का जश्न मना रही है। शोरुम का उद्घाटन केपसन्स ग्रुप के वाईस चैयरमेन दर्पण कपूर ने चेयरमेन विपिन कपूर, मैनेजर आपरेशंस राघव कपूर और ड्रग्स फ्री अभियान की सबसे युवा ब्रांड एम्बेसेडर सियाज पुनिया किया। 30+ साल पुरानी विरासत और पूरे परिवार के लिए वन-स्टॉप फैशन डेस्टिनेशन बनने के लक्ष्य के साथ, जिसमें



किसी भी आयु वर्ग के लिए सबसे उपयुक्त ट्रेंडी कलेक्शन हो, समूह की यह विस्तारित शाखा विशेष रूप से मिनी-फैशनपरस्तों को पूरा करती है। कैपकिड्स एलांते और सेक्टर-17 की निरंतर सफलता के बाद, ट्राइसिटी में तीसरे स्टोर के रूप में चिह्नित, कैपकिड्स सीपी 67 मॉल अपने पंखों के तहत यूएस पोलो किड्स, प्यूमा किड्स, एडिडास किड्स, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटन सहित ग्लोबल किड्स ब्रांड्स का एक विविध पोर्टफोलियो पेश करता है। गैप किड्स, पेपे जीन्स, विटामिन, वन फ्राइडे, और भी बहुत कुछ। स्टोर का अत्याधुनिक लेआउट और सुखद माहौल इसके छोटे ग्राहकों की इच्छाओं को पूरा करता है, जिससे खरीदारी का हर अनुभव आनंदमय रूप से अविस्मरणीय हो जाता है। ग्राहकों की सुरक्षा और आराम को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में रखा गया था जैसा कि किसी भी अन्य कैप्सन्स/कैपकिड्स स्टोर के लिए सच है।

### आइडिया, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट के जरिए 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है : अमित शाह

**लखनऊ :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात समिट के समापन सत्र समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर शाह ने स्पष्ट किया कि, आइडिया, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात समिट ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। दो दशक पहले मोदी जी ने वाइब्रेंट गुजरात की परिकल्पना रखी थी और नतीजा आज देश के सामने है। ढेर सारी चीजों में गुणात्मक परिवर्तन आया है। आज का यह समापन सत्र अमृतकाल में संकल्प से सिद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने वाला साबित हुआ। आत्मनिर्भर और पूर्ण विकसित भारत के निर्माण में वाइब्रेंट गुजरात समिट की भूमिका अहम साबित होने वाली है। दशकों तक मोदी-शाह की जोड़ी ने गुजरात में रहकर गुजरात मॉडल को विकसित करने का काम किया। गुजरात मॉडल को देखते हुए देश की जनता ने मोदी जी को पूरे देश का नेतृत्व सौंप दिया। वर्तमान में मोदी जी प्रधानमंत्री तो अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री के पद भार को बखूबी संभाल रहे हैं।

# रणदीप सुरजेवाला का कुरूक्षेत्र में एडवोकेट नरेश शर्मा ने किया स्वागत

## प्रदेश में कांग्रेस की लहर, पूर्ण बहुमत से बनेगी सरकारः सुरजेवाला



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र(दलबीर मलिक)देर सांय कांग्रेस** पार्टी के महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला एक निजी पैलेस में एडवोकेट नरेश शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ मिलन समारोह में पहुंचे और वहां पर हजारों की संख्या में मौजूद प्रबुद्ध जनों को संबोधित किया।

रणदीप सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके काम से होती है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और देश के प्रधानमंत्री के काम करने के तरीके से आज पूरा प्रदेश और देश अनेकों प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। सुरजेवाला ने कहा आज प्रदेश भर में लगातार पेपर लीक होने के मामले सामने आ रहे हैं। करोड़ों रुपयों से साथ अफसर भी पकड़े गए, लेकिन एक भी आदमी को सजा नहीं मिली क्योंकि यह सब सरकार की मिलिभगत से ही संभव हो पाता है। सुरजेवाला ने कहा कि वे एक किसान के घर में जन्में हैं और किसानों की तकलीफ को भली भांति समझते हैं। मौजूदा जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर बैठा हर एक व्यक्ति एक प्रबुद्ध समाज का हिस्सा है जो हजारों लोगों का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बुद्धिजीवी वर्ग पिछले लंबे समय से नरेश शर्मा के साथ खड़ा है जो बिना समर्पण की भावना के संभव नहीं है। आयोजक नरेश शर्मा की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश के जिस कोने में भी जाता हूं वहां पर मुझे नरेश शर्मा का कोई न कोई साथी मिल ही जाता है। और यह इस बात का प्रमाण है कि वे बिना किसी लोभ लालच के जनसेवा में सदैव इनके साथ खड़े हैं। रणदीप ने कहा इस कड़ाके की ठंड में इतनी देरी तक भी आपका इतनी बड़ी तादाद में यहां इकट्ठे होना इसी बात का प्रमाण है कि नरेश भाई ने आपके दिलों में जगह बनाई हुई है। इससे पूर्व आयोजक नरेश शर्मा ने फूल मालाओं से सुरजेवाल का जोरदार स्वागत किया। वहीं सरकार बनने पर मूलभूत सुविधाओं से वंचित थानेसर व इसके साथ लगते गांवों को विकास के मामले में नंबर एक पर लाना ही उनका मकसद होगा। सुरजेवाला जनसभा में आए लोगों का अभिवादन किया और आयोजक नरेश शर्मा को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। सुरजेवाला ने कहा कि वे किसी कारणवश कार्यक्रम में देरी से पहुंचे फिल भी आप लोग यहां डटे रहे उसके लिए वे आप सबके आभारी हैं। इस मौके पर राजीव शर्मा, अमन चीमा, पार्थ तंवर, पार्षद नितिश, गौरव किरमिच, अशोक शर्मा, शमशेर कश्यप, राहुल व वकील चंद रंगा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। मकर संक्रांति** के उपलक्ष्य पर श्री महाकाली माता मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट बड़ी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। हरपाल त्यागी, राजेश पांचाल, अनुज शरावत, विनोद त्यागी काला ने महंत मंशा पूरी महाराज के सानिध्य में 425 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये। मंशापूरी जी महाराज ने कहा कि ट्रस्ट हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल व सूट वितरण करती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई धर्माथ नहीं होता। संपन्न लोगों को अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा जरूरतमंद लोगों की सहायता में लगाना चाहिए।

**समाजसेवा**

**8 महाराज ने कहा कि ट्रस्ट हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल व सूट वितरण करती है**

### गठबंधन सरकार को जनता अबकी बार बाहर का रास्ता दिखाएगीः सुरेंद्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कांग्रेस ओबीसी** सेल के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने कहा कि अहंकार में डूबी हुई प्रदेश की गठबंधन सरकार को जनता अबकी बार बाहर का रास्ता दिखाएगी ।सरकार से हर वर्ग परेशान है, अब जनता ने मन बना लिया है कि प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगीवह शनिवार को थानेसर खंड के गांवों में 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र में होने वाले कांग्रेस की रैली को लेकर ग्रामीणों को न्योता देने के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं के पास रोजगार नहीं है।

# 28 को केजरीवाल जींद मे करेंगे बदलाव जनसभा

## गांव कुटानी राजाखेड़ी की जनता ने अपने स्वयं के साधन से बदलाव रैली में शामिल होने का वायदा



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**यह बदलाव** रैली अरविंद केजरीवाल द्वारा हरियाणा चुनाव अभियान की शुरूआत मानी जा रही है यह बदलाव जनसभा महारैली हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की जा रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे इस बदलाव रैली का न्योता पहुंचना है सभी गांव के मेम्बर कमेटी सचिव अध्यक्ष के जिम्मे निमंत्रण देना लगाया गया है। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ कुटनी राजाखेड़ी मे ग्राम सचिव एडवोकेट अजय और धर्मवीर के सहयोग से किया गया। सुखबीर मलिक ने बताया अपने आसन कला गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर एक निमंत्रण देना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव कुटनी राजाखेड़ी मे नव नियुक्त ग्राम सचिव एडवोकेट अजय राजाखेड़ी धर्मवीर और कमेटी मेंबर के सहयोग से यह कार्य संपन्न किया जिनका अपने यातायात साधन से आने का वायदा, सहयोग मिला है रमेश कुमार जसबीर सिंह राकेश कुमार राम नियर धनपत करण सिंह रविंद्र कुमार राजपाल राजकुमार रानवीर मलिक रमेश कुमार जसवीर सिंह राजाखेड़ी साथी कृष्ण मलिक , पुर्व सरपंच सुरेंद्र जैन अंकुश मलिक अंग्रेज सिंह बाला कर्मवीर शर्मा राजेंद्र राजू मलिक बहुत से मेम्बर मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , देवेंन सलूजा सर्किल इंचार्ज शीशपाल मलिक सर्किल इंचार्ज कर्मवीर जाटल,राजेंद्र राठी होशियार सिंह वार्ड 6, संदीप मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़** । महेंद्रगढ़ से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 152 डी पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और 4 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए . हादसा इतना भीषण था की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए . जानकारी के अनुसार रोहतक से सालासर जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी कोहरे के कारण डिवाडर से टकरा गई । शुक्रवार रात करीब 11 बजे श्रद्धालुओं की बलेनो गाड़ी बुचावास टोल से
नारनौल की ओर करीब दो किलोमीटर दूर पहुंची तो घने कोहरे के चलते गाड़ी डिवाइडर से टकरा ट्रक व डिवाइडर को बीच फंस गई। गाड़ी में पांच युवक सवार थे । हादसे की सूचना पुलिस को दी गई और गंभीर रूप से घायलों को नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने 26 वर्षीय विवेक नेहरा निवासी सुंदरपुर रोहतक को मृत घोषित कर दिया। जबकि 21 वर्षीय उमेश, 19 वर्षीय सौरव , 21 वर्षीय प्रदीप और साहिल निवासी रोहतक को गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक के लिए रैफर कर दिया । पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार पुरानी अनाज मंडी पहुंची



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। 2047 तक** ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न भारत के सपने को साकार करने की दिशा में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा जिला में जनकल्याण व जनसेवा को समर्पित होकर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को शहरी क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को उनके घर द्वार पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शहरी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हुई। पार्षद शिवानी जैन ने अतिथियों का बूके देकर स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत सांसद रमेश कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि गन्नौर स्थित पुरानी अनाज मण्डी व गांव हसनपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यकम का शुभारंभ करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए पिछले लगभग 10 वर्षों में शुरू की गई ह्यउज्ज्वलाह्न योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं को शत-प्रतिशत अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक निर्मल चौधरी ने शहरवासियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार का वादा है अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का फायदा पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है, जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। देश के वंचित व्यक्ति को इस यात्रा के माध्यम से सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे में सहायता मिल रही है। कार्यक्रमों में सांसद ने उज्जवला योजना के पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित किए। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र, प्रोपर्टी कार्ड, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत एलआईसी पॉलिसी वितरित की गई।

# शौर्य दिवस समारोह में उड्डयन मंत्री लेंगे भाग



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
रविवार 14 जनवरी को शौर्य स्मारक पर आयोजित होने वाले शौर्य दिवस समारोह में केंद्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाग लेंगे। उनके रविवार को होने वाले दौरे को लेकर एसडीएम मनदीप सिंह ने विभिन्न अधिकारियों के साथ शनिवार को स्थल का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि शौर्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के अलावा अन्य विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के आने की संभावना है इसलिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी तैयारियां पूरी रखें। एसडीएम मनदीप सिंह ने सिवाह स्थित बस अड्डे का भी निरीक्षण किया और रोडवेज महाप्रबंधक के साथ-साथ अन्य अधिकारियों से भी विचार विमर्श किया। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, डीएसपी नरेंद्र सिंह, जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कम्बल व गर्म कपड़े वितरित किए गए

**पानीपत/कमाल हुसैन**
समाज सेवा संगठन की ओर से आज मेहराना के पास राधा स्वामी सत्संग भवन में आस पास के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बुजुर्गो, औरतों व बच्चों को कम्बल व गर्म कपड़े वितरित किए गए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने हम बहुत ही भाग्यशाली हैं कि हमें लोहड़ी के शुभ अवसर पर आज जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गो का कुछ सहयोग करने का मौका मिला। लोहड़ी के दिन दान का बहुत बड़ा महत्व है और कहते हैं कि जरूरी नहीं हर वक्त जुबा पर प्रभु का नाम आए, वो भी प्रभु भक्ति है जब किसी जरूरतमंद के काम आए। भविष्य में भी हमारी कोशिश होगी कि जरूरतमंद का कुछ सहयोग हो सके।

# पुरखास के खिलाड़ी खेल की खुशबू से महकते हैं: राजेश पहलवान

## गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए गांव पुरखास में खिलाड़ियों को ट्रैक सूट देकर समान्नित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए गांव पुरखास में खिलाड़ियों को ट्रैक सूट देकर समान्नित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया पहुंचे। राजेश पहलवान ने कहा कि देश विदेश में इस गांव के खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया है। खेल की खुशबू से यहां खिलाड़ी महकते हैं। उन्हीं के नक्शे कदम पर चल कर नई खेल पौध को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरखास गांव के सरपंच भी पहलवान हैं और यह पहलवानों का गांव है इसलिए पहलवानों को नए सिरे से तराशने का काम किया जा रहा है। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। इनके लिए जो प्रैक्टिस हाल था इसकी छत टपक रही थी। उसकी मरम्मत करवा दी गई है। और बच्चों को खेल के लिए हर सुविधा देने के लिए पंचायत की ओर से प्रयास किया जा रहा है। गांव के सरपंच ने कहा है कि हमारे गांव के सभी पहलवान मिलकर के सहयोग कर रहे हैं। उन सब का शुकराना करता हूं। पुरखास राठी के पूर्व सरपंच नरेश राठी ने कहा कि गांव के खिलाड़ी पदक जीतकर गांव का नाम रौशन कर रहे है। हमारे लिए गौरव की बात है। कुश्ती, कबड्डी, बॉक्सिंग, शूटिंग, फुटबाल, बास्केटबॉल, जूडो एथलेटिक्स के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। गांव की पहलवान लड़कियों में भी एक नाम ऊंचा नाम किया है। नेशनल बॉक्सिंग में सीनू ने गोल्ड मेडल लिया, राजेश पहलवान पुरखासिया की बेटी का नाम रितिका ने कुश्ती स्कूल नेशनल में कांस्य पदक प्राप्त किया।

**सम्मान**

**8 देश विदेश में इस गांव के खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया है। खेल की खुशबू से यहां खिलाड़ी महकते हैं**

# वंदे भारत एक्सप्रेस इंजन का अगला हिस्सा दुर्घटनाग्रस्त, सामने आया गौ वंश

## - करीब 20 मिनट बाद क्षतिग्रस्त हिस्से को इन्जीनियरों ने उखाड़कर वंदे भारत कोच में डाला, उसके बाद दिल्ली के लिए हुई रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अमृतसर** से नई दिल्ली के बीच चलने वाली 22488 वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार की दोपहर दिल्ली की तरफ जाते समय गन्नौर रेलवे स्टेशन के समीप इंजन का अगला हिस्सा दुर्घटना का शिकार हो गई। गुमड रोड फ्लाईओवर के नीचे गोवंश आने की वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद करीब 20 मिनट रेलवे स्टेशन पर गाड़ी रुकी रही, इस दौरान वंदे भारत में ही सवार इन्जीनियरों ने क्षतिग्रस्त हिस्से को उखाड़कर वंदे भारत के अन्दर रखा। वंदेभारत के चालक ने सूचना कन्ट्रोल रूम में दी। सूचना मिलने के बाद गन्नौर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के डयूटी पर तैनात कर्मचारी व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि अमृतसर से दिल्ली जाते समय वंदे भारत 12 बजकर 58 मिनट पर हादसे के बाद स्टेशन पर रूक गई और 1 बजकर 21 मिनट पर क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक करने के बाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई । ठीक होने के बाद करीब 3 मिनट गाड़ी रूकी, क्यों कि पीछे से उसी दौरान आई दूसरी वंदे भारत को दिल्ली के लिए क्रासिंग करवाया गया है। उसके बाद वंदे भारत दिल्ली के लिए रवाना हुई।

**गाड़ी के अन्दर ही तैनात इन्जीनियरों ने तुरन्त किया ठीक**
वंदे भारत गाड़ी के अंदर ही तैनात इंजीनियरों ने तुरन्त गाड़ी से टीम के साथ उतरकर गाड़ी के क्षतिग्रस्त हिस्से को उखाड़ कर गाड़ी में डाला। इस दौरान आरपीएफ व जीआरपी पुलिस कर्मी सुरक्षा की दृष्टि से वंदे भारत के क्षतिग्रस्त हिस्से के समीप मौजूद रहे।

**फ्रंट कोच का नोट कोन कवर क्षतिग्रस्त हुआ है:** वंदे भारत के क्षतिग्रस्त हिस्से को लेकर रेलवे के कर्मचारियों का कहना था कि हादसे में वंदे भारत के फ्रंट कोच का नोट कोन कवर क्षतिग्रस्त हुआ है । इसके अलावा किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है ।

**सर कन्ट्रोल रूम से फोन आ रहे कब चलाओंगे, तुम ट्रेक पर क्यों आने देते हो पशुओं को:** मौके पर जब वंदे भारत के क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक करने के बाद वंदे भारत रूकी थी तो रेलवे के एक कर्मचारी ने चालक से कहा कि सर कब चलाओंगे, कन्ट्रोल रूम से फोन आ रहे है, इसके जवाब में चालक ने कहा कि तुम पशुओं को ट्रेक पर आने से रोका करो।

**क्षतिग्रस्त**

**8 रेलवे के एक कर्मचारी ने चालक से कहा कि सर कब चलाओंगे, कन्ट्रोल रूम से फोन आ रहे है**

# अग्रसेन सभा भवन में कुलदेवी महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की भव्य आरती का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। अग्रवाल** सभा भवन स्थित महाराजा अग्रसेन दरबार में कुलदेवी महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन की आरती का भव्य आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री कृष्ण कंछल ने बताया कि सर्वप्रथम अग्रवाल सभा प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट ने माल्यार्पण कर एवं विनय कुमार गोयल एडवोकेट व राजकुमार गोयल एडवोकेट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष प्रवीण बंसल ने वर्चुअल माध्यम से आरती का आयोजन किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गर्ग ने बताया कि उक्त आयोजन हर माह पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के दिशा निर्देश में किया जाता है। *इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित अग्रवाल सभा गवर्निंग बॉडी सदस्य सावित्री सांघी ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हर घर पर दीप जलाकर दिवाली जैसा उत्सव मनाया जाना चाहिए।

# आप-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बन गई बात!

## 'हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच आने वाले लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कोई रार नहीं'

**सकारात्मक**

**8 दोनों दलों के बीच बातचीत सकारात्मक रही। अब बैठक की बॉल-दर-बॉल कमेंट्री तो नहीं कर सकत**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार बातचीत हो रही है। कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के आवास पर आप और कांग्रेस के कई दिग्गज जुटे। घंटों चली बैठक के बाद नेता बाहर आए और सबके चेहरे पर मुस्कान थी। राघव चड्ढा ने कहा कि दोनों दलों के बीच बातचीत सकारात्मक रही। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अब बैठक की बॉल-दर-बॉल कमेंट्री तो नहीं कर सकते। वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा लोहड़ी कार्यक्रम को लेकर शनिवार दोपहर गुरुग्राम में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के घर पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों ने आप के साथ सीट बंटवारे को लेकर सवाल किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच आने वाले लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कोई रार नहीं है।

### सीट शेयरिंग को लेकर डील फाइनल हुई

**इस** तरह दोनों दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सीट शेयरिंग को लेकर डील फाइनल हो चुकी है। बता दें कि इससे पहले 8 जनवरी को भी अअढ और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हो चुकी है। 08 जनवरी को हुई बैठक के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने पंजाब समेत पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने को कहा था। उन्होंने कहा कि आप और कांग्रेस कठ.ऊकअ ब्लॉक का हिस्सा हैं। हमने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है। इन पांच राज्यों में कुल 58 लोकसभा सीटें हैं।

वहीं दिल्ली में कुल सात सीटों को लेकर मामला उलझा है कि कौन सी पार्टी 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कौन सी पार्टी 3 सीटों पर। आप और कांग्रेस के नेताओं के बीच शुक्रवार की शाम कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के निवास पर बैठक हुई। बैठक में आप की ओर से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा व संदीप पाठक, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी व सौरव भारद्वाज आए, जबकि कांग्रेस की तरफ से मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, मोहन प्रकाश शामिल हुए। करीब दो घंटे चली बैठक में उनके बीच मुख्य तौर पर दिल्ली की सातों सीटों पर चर्चा हुई।

## ठंड को लेकर रेड अलर्ट, 13 जनवरी रही सबसे सर्द सुबह

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित आसपास के शहरों में शीत लहर से लोगों को हाल बेहाल है। 13 जनवरी की सुबह दिल्ली की सबसे सर्द सुबह रही थी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह औसत न्यूनतम तापमान से चार डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के लोगों को इस कड़ाके की ठंड से फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने कोहरे व शीतलहर को देखते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे उत्तर भारत में पांच दिनों तक बहुत घना कोहरा रहेगा। शीतलहर से भी तीन दिनों तक राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

# एजुकेशन हब के तौर पर विकसित होगी नरेला सब-सिटी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला सब सिटी को एजुकेशन हब** के तौर पर विकसित किया जा रहा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली के सात विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों व संस्थानों को उनके परिसरों के विकास के लिए 181 एकड़ भूमि आवंटित की है। इसके अलावा, इन विश्वविद्यालयों को इनकी मांग के अनुरूप क्षेत्र में पहले से निर्मित 1082 फ्लैट भी आवंटित किए गए हैं।

एलजी ने पिछले साल अक्टूबर में अधिकारियों के साथ बैठक की थी। साथ ही निर्देश दिया था कि नरेला को एजुकेशन हब के तौर पर विकसित किया जाए। ये शहर में विश्वविद्यालय परिसरों के लिए आवश्यक भूमि प्रदान करने के अलावा, नरेला सब-सिटी के बुनियादी ढांचे के विकास को भी बढ़ावा देगा। इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय/संस्थान के साथ कई बैठकें हुईं, जिसमें ये सभी अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के साथ आए थे। इसके बाद, डीडीए ने इन्हें कम से कम समय में भूमि आवंटित की। यह भूमि मौजूदा परिसरों के अतिरिक्त होगी। इससे विश्वविद्यालय/संस्थान को आवश्यकता अनुसार विस्तार करने में मदद मिलेगी। इसकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। डीडीए को भूमि और फ्लैटों के लिए अतिरिक्त राजस्व के तौर पर लगभग 1300 करोड़ रुपये मिलेंगे। गौरतलब है कि पिछले एक साल से अधिक समय में डीडीए, अपनी बिना बिकी इन्वेंटरी में से लगभग 8000 फ्लैट्स बेचने में सफल रहा है।

**सब सिटी का होगा विकास:** नरेला क्षेत्र के विकास के लिए कई दिशा में काम किया जा रहा है। यहां पर एजुकेशन हब के साथ अन्य विकास कार्य भी किए जा रहे हैं। इसमें आवास, कोर्ट, पुलिस, अस्पताल, जेल कॉम्प्लेक्स के निर्माण भी शामिल हैं।

# गीता कॉलोनी-यमुना खादर में चलाया सर्च अभियान

**विशेष प्रबंध**

**8 गणतंत्र दिवस के दिन जाम नहीं छलकेगा। सरकार ने इस दिन ड्राई-डे घोषित किया**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गणतंत्र** दिवस को लेकर राजधानी में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। इसी कड़ी में पुलिस की टीम ने गीता कॉलोनी की गलियों से लेकर और यमुना खादर क्षेत्र से ड्रोन उड़ाया और सर्च अभियान चलाया। वहीं 26 जनवरी के दिन शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। गणतंत्र दिवस के दिन जाम नहीं छलकेगा। दिल्ली आबकारी नियमावली, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के तहत सरकार ने इस दिन ड्राई-डे घोषित किया है। इसके अलावा गुरु रविदास, स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती, महा शिवरात्रि, होली और गुड फ्राइडे को भी शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। हालांकि शराब की बिक्री पर प्रतिबंध एल-15 लाइसेंस लेने वालों पर लागू नहीं होगा।

# सनातनी हिंदुओं को कानूनी मदद उपलब्ध कराने की पहल

**सहायता**

**8 जरूरतमंद सनातनी हिन्दुओं को कानूनी सहायता देने के लिए समितियां बनाई जाएंगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूनाईटेड** हिंदू फ्रंट ने कहा है कि अब वह विपरीत हालातों में फंसे सनातनी हिंदुओं को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराएगी। इसके लिए पूरी दिल्ली में अनुभवी वकीलों की एक टीम तैयार की गई है, जो किसी भी विपरीत परिस्थिति में सनातनी हिंदुओं के परिवारों तक पहुंचेगी और उन्हें कानूनी मदद उपलब्ध कराएगी। यूनाईटेड हिंदू फ्रंट और राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने शुक्रवार को दिल्ली में एक बैठक में यह घोषणा की कि अब पूरी दिल्ली में किसी भी परिस्थिति में लोगों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। बैठक में जरूरतमंद सनातनी हिन्दुओं को निशुल्क कानूनी सहायता देने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां बनाई जाएंगी। गोयल ने कहा कि सनातनी हिंदू निशुल्क लीगल सेवा में एक मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का आवंटन कराया जाएगा।



दिल्ली में 26 जनवरी, 2024 को कर्तव्यपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास के दौरान नौसेना और वायुसेना जवान के जवान।

# मोबाइल छीनना पड़ा महंगा, भीड़ ने युवकों को निर्वस्त्र कर पीटा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में** रिक्शा चालक का मोबाइल छीन कर भाग रहे तीन युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने तीनों को बीच बाजार में निर्वस्त्र कर दिया और पीटते हुए थाने ले गए। जहां तीनों को पुलिस को सौंप दिया गया। इस दौरान लोगों ने तीनों के कपड़ों को जलाने की कोशिश की। पुलिस ने मामले की जांच आरंभ कर दी है। यह सारा घटनाक्रम कई लोगों ने मोबाइल में कैद भी कर लिया।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे नरेला रेलवे फाटक के पास चार युवकों ने एक ई-रिक्शा चालक से मोबाइल छीन लिया और भागने लगे। इसी दौरान लोगों ने चार में से तीन युवकों को पकड़ लिया। एक युवक मोबाइल लेकर भागने में कामयाब रहा। तीनों युवकों को खूब पीटा और इसके बाद सभी कपड़े उतारने को कहा। कपड़े उतारने में आनाकानी करने पर भीड़ ने तीनों की थप्पड़ और छड़ी से पीटा।

**भीड़ का गुस्सा**

**8 तीनों के हाथ बांध दिए और पीटते हुए घटनास्थल से 400-500 मीटर दूरी पर स्थित पुलिस थाने ले गए**

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

तीनों के पूरी तरह से निर्वस्त्र होने के बाद कपड़े से तीनों के हाथ बांध दिए और पीटते हुए घटनास्थल से 400-500 मीटर दूरी पर स्थित पुलिस थाने ले गए। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग तीनों युवकों के कपड़ों को आग लगाते भी दिखाई दे रहे हैं।

# घर बचाओ, बीजेपी हटाओ': आज से आप का नया अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने लगातार दूसरे दिन केंद्र की भाजपा सरकार पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि भाजपा की सरकार झुग्गी वालों को इस ठंड में उजाड़ने में लगी हुई है। आप के दिल्ली संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इसके विरोध में आज आप विधायकों ने सीएम के नेतृत्व में यह फैसला लिया है कि कल यानी 14 जनवरी से इसके विरोध में आप विधायक घर बचाओ और भाजपा हटाओ अभियान शुरू करेंगे।

**21 जनवरी को बीजेपी मुख्यालय पर प्रदर्शन:** उन्होंने कहा कि यह अभियान नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के बीआर कैंप से शुरू होगा। यह दिल्ली भर में चलेगा। 21 जनवरी को इसे लेकर भाजपा मुख्यालय पर 12 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभियान उन जगहों पर चलेगा, जहां की झुग्गियों को हटाने की भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक और पार्षद सभी झुग्गियों में जाकर लोगों के साथ नुक्कड़ सभा करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल ने आगामी 18 जनवरी से गोवा में चुनावी रैली को संबोधित करने की घोषणा शुक्रवार को की थी। वहीं शनिवार को ईडी ने उन्हें समन भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह इत्तेफाक नहीं है कि ईडी का समन अभी आया है, बल्कि यह उन्हें चुनाव से दूर करने का एक प्रयास है।

**साधा निशाना**

**8 पार्टी ने कहा कि भाजपा की सरकार झुग्गी वालों को इस ठंड में उजाड़ने में लगी हुई है : गोपाल राय**

**ईडी का नोटिस मीडिया में लीक हो रहा:** गोपाल राय ने कहा कि इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है कि सीएम को नोटिस मिलने से पहले भाजपा को मिल जा रहा है।

ईडी एक संवैधानिक संस्था है लेकिन उनका नोटिस केजरीवाल को न मिलकर पहले मीडिया में लीक हो जा रहा है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जेल के बाहर प्रदर्शन करेगी जनता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार के मंत्री एवं बल्लीमारान से विधायक इमरान हुसैन के नेतृत्व में लाल कुआं और कसाबपुरा में आम आदमी पार्टी ने मैं भी केजरीवाल कैंपेन के तहत जनसंवाद किया। इस दौरान जनता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पक्ष में अपना समर्थन दिया। इतना ही नहीं, जनता ने ऐलान किया कि केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर वह जेल के बाहर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान उनके साथ पार्षद मोहम्मद सादिक व शमीम बानो भी मौजूद थीं। इमरान हुसैन ने कहा कि देश में शिक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी केवल अरविंद केजरीवाल दे सकते हैं।

# सीएम केजरीवाल को नोटिस मिलने से पहले भाजपा को मिल रहा: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने चौथी बार समन भेजा है। वहीं इसके बाद आप ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने इस पर सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने आगामी 18 जनवरी से गोवा में चुनावी रैली को संबोधित करने की घोषणा शुक्रवार को की थी। वहीं शनिवार को ईडी ने उन्हें समन भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह इत्तेफाक नहीं है कि ईडी का समन अभी आया है, बल्कि यह उन्हें चुनाव से दूर करने का एक प्रयास है।

**ईडी का नोटिस मीडिया में लीक हो रहा**
गोपाल राय ने कहा कि इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है कि है। ईडी एक संवैधानिक संस्था है लेकिन उनका नोटिस केजरीवाल को न मिलकर पहले मीडिया में लीक हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी को इन सब मामलों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी को गोवा जाने का सीएम केजरीवाल का प्लान जारी हुआ। इसके अगले ही दिन केजरीवाल को समन भेज दिया गया।



**'कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा पॉजिटिव':** वहीं केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे या नही, इस पर गोपाल राय ने कहा कि इस बारे में अभी चर्चा नहीं हुई है। वहीं लोकसभा चुनाव में सीटों को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ चर्चा सकारात्मक चल रही है। जैसे ही कुछ फाइनल होता है, बताया जाएगा।

**चुनाव प्रचार से दूर करना उद्देश्य: सुशील गुप्ता**
वहीं आप नेता सुशील गुप्ता ने केजरीवाल को ईडी समन पर कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वह एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करने के लिए गोवा जा रहे हैं, तभी यह समन जारी किया गया है।

# पीएम मोदी के 11 दिन के विशेष अनुष्ठान के साथ झूमेगी दिल्ली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राम** मंदिर को लेकर देशभर के व्यापारी संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाए जाने की तैयारी हो रही है। अगले 11 दिन तक दिल्ली के बाजारों राम की धुन बजेगी। अयोध्या में राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी के 11 दिन के विशेष अनुष्ठान के साथ ढोल, ताशे और शहनाई के साथ दिल्ली झूम उठेगी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली सहित देशभर के व्यापारियों में बेहद उत्साह और उल्लास का माहौल है। इसके चलते देशभर के बाजारों में अभी से महोत्सव तथा महादीपावली मनाने की बड़ी जबरदस्त तैयारियां हो रही हैं। दिल्ली एवं देश के सभी शहरों में स्थानीय व्यापारी संगठनों ने बड़े स्तर पर हजारों विभिन्न कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। इन सभी कार्यक्रमों में, जहां श्रद्धाभाव की अभिव्यक्ति होगी, वहीं दूसरी तरफ एक बड़ा कारोबार भी होगा। छोटे तबके के लोगों को बड़ा रोजगार भी मिलेगा। नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राम संवाद कार्यक्रम में दिल्ली के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारी संगठनों की उपस्थिति में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। खंडेलवाल ने बताया, दिल्ली सहित देश भर में व्यापारी एसोसिएशनों ने अपने सदस्यों के साथ मीटिंग्स का दौर शुरू कर दिया है। कैट ने इन्हें राम संवाद का नाम दिया है। इन मीटिंगों में सभी कार्यक्रमों की योजना और उनका क्रियान्वयन करने की प्लानिंग हो रही है। बाजारों को सजाने संवारने के लिए अनेक वस्तुओं एवं सेवाओं की भारी मांग है। 22 जनवरी को राष्ट्रव्यापी बाजारों में रौनक लाने के लिए एलईडी प्रदर्शनियों एवं साउंड सिस्टम की अधिक मांग है।

**उमंग**

**8 श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली सहित देशभर के व्यापारियों में बेहद उत्साह**

# पायलट बता लड़कियों से बढ़ाई नजदीकियां, 13.50 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खुद** को पायलट बताकर लड़कियों से दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले बारहवीं पास युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर तीन युवतियों से कुछ ही दिनों में साढ़े 13 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने आरोपी को शाहदरा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नितिन कुमार गौर के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस को अभी तीन शिकायतें मिली हैं। पिछले दिनों शाहदरा की रहने वाली एक युवती ने साइबर थाने में 11 लाख रुपये ठगी की शिकायत दी थी।

# एएसआई ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**दुखद**

**8 वह मूल रूप से छितरोली, जिला महेंद्रगढ़, के रहने वाले थे और 1993 में दिल्ली पुलिस में शामिल हुए थे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साउथ** दिल्ली के कोटला मुबारकपुर थाना इलाके में बीपी मार्ग पुलिस विकेट पर ड्यूटी पर तैनात एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान एएसआई राम अवतार के रूप में हुई है, नरेला के पुलिस कॉलोनी में रहते थे।

जानकारी के मुताबिक, 12 जनवरी की मध्यरात्रि को एएसआई रामअवतार एसआई प्रेम सिंह के साथ बीपी मार्ग पर रात्रि पिकेट ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह करीब तीन बजे एएसआई रामअवतार ने अपने साथी सब इंस्पेक्टर को 10 मिनट आराम करने की सूचना दी और बैरिकेड के पास खड़ी अपनी कार में बैठने चले गए। कुछ देर बाद जब एसआई प्रेम उन्हें चेक करने गए तो देखा कि एएसआई रामअवतार ने अपनी सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली है और वह मृत पाए गए।

वह मूल रूप से वीपीओ छितरोली, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा के रहने वाले थे और 1993 में दिल्ली पुलिस में शामिल हुए थे।

# 'समाजसेवा के क्षेत्र में फिनिक्स क्लब की अहम भूमिका'

**फिनिक्स क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है, यही वजह है कि समाजसेवा के क्षेत्र में इतने कम समय में फिनिक्स क्लब ने अपनी एक अलग पहचान बनाई**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**थानेसर** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब की अहम भूमिका है। फिनिक्स क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है। यही वजह है कि समाजसेवा के क्षेत्र में इतने कम समय में फिनिक्स क्लब ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज फिनिक्स क्लब के नाम पर धर्मनगरी में नेकी की दीवार, फिनिक्स चौक, फिनिक्स रोड, फिनिक्स पिल्लर स्थापित है। फिनिक्स क्लब द्वारा एक नही बल्कि अनेक सेवा प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन और समाज को जब भी किसी सहयोग की जरूरत होती है तो फिनिक्स क्लब सेवा के लिए हमेशा सबसे



अगली पंक्ति में खड़ा मिलता है और जरूरत पड़ते ही उस काम को पूरा कर देता है। वह रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में फिनिक्स क्लब की नई टीम 2024 के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संकल्प में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त प्रधान धीरज गुलाटी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा कार्यों को गति देने के लिए इस क्लब का गठन 7 साल पहले किया गया था। इतने कम समय में ही क्लब ने जिला ही नहीं प्रदेश भर में सेवा के नए आयाम स्थापित कर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। थानेसर शहर को सुंदर बनाने की बात हो या किसी जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचाने की बात हो, आज तक फिनिक्स क्लब ने सभी कार्यों को समय से पहले पूरा कर पूरे समाज को प्रेरणा

**समाजसेवा**

**8 फिनिक्स क्लब के नाम पर धर्मनगरी में नेकी की दीवार, फिनिक्स चौक, फिनिक्स रोड, फिनिक्स पिल्लर स्थापित**

देने का काम किया है। उन्होंने समाजसेवा के कार्यों के लिए क्लब के पदाधिकारियों को साधुवाद देने के साथ-साथ हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

समारोह में बतौर अतिथि पहुंचे स्वामी हरिओम दास, सुरिंदर ढींगरा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब, विजय चावला, आशीष सभरवाल, अजय बजाज, सतीश ललित, गौरव पुजानी आदि ने कहा कि फिनिक्स क्लब के सेवा कार्यों से पूरे समाज को प्रेरणा मिल रही है। पर्यावरण से लेकर शिक्षा और भारतीय संस्कृति के प्रचार को लेकर भी क्लब की ओर से सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर निवर्तमान प्रधान विजेश ऐलावादी ने वर्ष 2023 के दौरान फिनिक्स क्लब द्वारा किये गए जनहित कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन शशि ऐलावादी, आशी जसूजा ने किया। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं राजकुमार अरोड़ा, अन्नु मदान, सुषमा शर्मा, संतोष शर्मा, प्रोमिला खेत्रपाल को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर जेपी केसरी रहे।

# धर्म सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

**कुछ समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया**

**अभियान**

**8 हुड्डा सरकार द्वारा एससी समाज और गरीब कल्याण की जितनी योजनाएं चलायी जा रही सब बंद कर दिया**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**समालखा से** कांग्रेस के विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने ग्रामीणों दौरा के अभियान के तहत सनौली ब्लाक के गांव गढ़ी बेसक व राणा माजरा का दौरा किया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसके कुछ का मौके पर समाधान कराया गया जबकि कुछ को अधिकारियों से मिलकर समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया गया। वहीं गांव में पहुंचने पर विधायक छौक्कर का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों को



संबोधित करते हुए विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने कहा कि भाजपा के शासन में हर वर्ग परेशान है। सरकार ने आन लाइन के चक्कर में जनता को परेशान करके रख दिया है। आईडी के लिए परिवार के एक सदस्य हर समय लाईन में लगा रहता है। यह आईडी ही आने वाले चुनाव में सरकार के कफन में कील साबित होगी तथा लोकसभा में कांग्रेस प्रदेश में दस की दस सीटों पर जीतेंगी जबकि विधानसभा में 90 में 85 सीटों पर जीत दर्ज कर फिर से हरियाणा में कांग्रेस की हुड्डा सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस की हुड्डा सरकार द्वारा एससी समाज और गरीब कल्याण की जितनी योजनाएं चलायी जा रही थी उन्हें भाजपा सरकार ने आते ही बंद कर दिया।

## न्यूज फ्लैश

### 51 करोड़ श्री राम नाम लेख के साथ हजारों परिवार देंगे प्रभु श्री राम को बधाई: राजेंद्र



**सोनीपत: कुंडली** : श्री अग्रसेन धाम में 22 जनवरी को सुबह से रात तक भगवान श्री राम जी को बधाई एवं विराट पूजा मोहत्सव मनाया जा रहा है ' जिसमें हजारों भगत परिवार श्री राम जी को चावल कुम कुम भेंट करके बधाई देंगें और आचार्य श्री रामचंद्र बोहरे जी के सानिध्य में प्रभु का महाभिषेक करेगें ' 21 जनवरी को भगवान श्रीराम जयघोष यात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाएगा ' इसकी पूरी व्यवस्था श्री श्याम बालाजी मंडल कुंडली द्वारा की जाएगी ' निरन्तर भगवान राम के भजनों,श्री राम स्तुती व जयकारों की गूंज सभी भगतों को राममंय कर देगी ' संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जो भी भक्त बधाई अरदास के रूप में भगवान श्री राम जी को कुमकुम चार चावल अर्पण करेगा संस्था इस अरदास भेंट को अयोध्या में भगवान श्री राम जी को अर्पित करेंगी ' श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि 51 करोड़ भगवान श्री राम नाम लेखन हेतू पुस्तक का वितरण किया जाएगा और धाम परिसर में श्री राम नाम लेकन पुस्तक प्राप्ति हेतू संग्रहलया भी स्थापित किया जाएगा ' भगत श्री रमन बंसल के संचालन में रात्रि के समय भगवान श्री राम जी के समक्ष 1008 दीप जलाये जाएंगे व श्री सीताराम जय हनुमान सँग कीर्तन का आयोजन भी किया गया है ' अनेक प्रकार के प्रसाद वितरण होंगे ' 21 गांव के महानुभाव भगवान श्री राम जी को जल व दूध अर्पण करेंगे ' इस पवित्र अनुष्ठान में संस्था के अध्यक्ष जगदीश राय गोयल,अतुल सिंघल,पवन गुप्ता सोनीपत,दीपक मंगला, अनिल गोयल, आरके शर्मा, श्री भगवान गोयल, संजयशर्मा, सतीश तुषीर, ममता मंगल, संदीप कुमार, राहुल अग्रवाल, गौरव, सुनील कौशिक आदि बहुत से महानुभावों का विशेष योगदान रहेगा ' नाथूपुर से ओम शांति स्कूल के सैकड़ो बच्चे अध्यक्ष योगराज भारद्वाज एवं प्रिंसिपल राजेश गुप्ता के नेतृत्व में प्रभु जी का महाभिषेक व भजन करेंगे

### एचपीवी वैक्सीन: सर्वाइकल कैंसर पर जीत के एक नए युग की शुरूआत

**नोएडा।** सर्वाइकल कैंसर जागरूकता महीना ऐसे समय में आया है जबकि पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से उबरने की कोशिश कर रही है। यह बहुत ही जरूरी है कि हम एचपीवी टीकाकरण, जांच की सुविधाएं और कैंसर की शुरूआती अवस्था में इलाज और सर्वाइकल कैंसर से निपटने का तरीका सभी के लिए उपलब्ध करवाकर एक स्वस्थ समाज बनाएं। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस या एचपीवी जननांगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला वायरस है जो कई तरह का होता है। हालांकि एचपीवी का संक्रमण कुछ ही महीनों में बिना कुछ किए अपने-आप ही खत्म हो जाता है, लेकिन अगर इस संक्रमण का थोड़ा-सा भी हिस्सा शरीर में रह जाए तो वह सर्वाइकल कैंसर का कारण बन जाता है। इस बीमारी की रोकथाम और इलाज संभव है लेकिन फिर भी पूरी दुनिया में कई महिलाएं इसके कारण बहुत कष्ट झेलती हैं। हर साल, भारत और दुनिया के अन्य देशों की करीब 12000 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। करीब 80 प्रतिशत व्यक्तियों को उनके जीवन में किसी न किसी समय इस वायरस का संक्रमण होता है, जिन लोगों में इस वायरस के खतरनाक वैरिएंट का संक्रमण होता है उनमें कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसके लिए टीकाकरण, जांच और इलाज के लक्ष्य तय किए हैं जिसे विभिन्न देशों को 2030 तक हासिल करना है ताकि सर्वाइकल कैंसर को जड़ से मिटाया जा सके।

फिलहाल भारत में तीन वैक्सीन उपलब्ध हैं। हाल ही में अपनी तरह का पहला एचपीवी वैक्सीन सर्ववैक भी इसमें जुड़ गया है। इसे भारत सरकार और सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने मिलकर तैयार किया है। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निमार्ता कंपनी है। सर्ववैक क्वाडरिवलेन्ट वैक्सीन है जो एचपीवी जीनोटाइप से सुरक्षा मुहैया कराता है। यह एचपीवी 16 और 18 से भी सुरक्षा देता है जिनके कारण सर्वाइकल कैंसर के 70 प्रतिशत मामले देखे जाते हैं। इसकि कीमत भी ज्यादा नहीं है और यह प्रभावी होने के साथ ही सुरक्षित भी है।

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हो सकती है, इसका इलाज भी है, यह ठीक भी होता है और अगर शुरूआती अवस्था में ही इसकी पहचान कर ली जाए और ठीक से इलाज किया जाए तो आगे भी बेहतर जीवन जिया जा सकता है। वैक्सीन फॉर चिल्ड्रन (वीएफसी) प्रोग्राम के जरिए बच्चों का टीकाकरण करने से एचपीवी को रोकने के लिए टीकाकरण में बड़ी मदद मिल सकती है और इससे भविष्य में आने वाले सर्वाइकल कैंसर के मामले भी कम हो सकते हैं।

# सैनी सेवा ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )**

समालखा खण्ड के देहरा गांव में मानव सेवा भाव की मंशा से बनाए गए सैनी सेवा ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन किया गया. कार्यालय उद्घाटन के मौके पर जहां जन कल्याण की कामना से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया वहीं ट्रस्ट की ओर से 80 बुजुर्गों को डोंगे (छड़ी), 100 को मुफरल, 50 जोड़ी दस्ताने, 70 को कंबल, 105 को हॉट बैग, 20 जैकेट, 20 जोड़ी जूते और 20 महिलाओं को गर्म शाल वितरित किए गए. इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विजय कुमार ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहन करते हुए कहा कि जन सेवा सब धर्म का मूल है और मौजूदा दौर में हम सभी को इंसानियत की राह पर चलने की ज्यादा जरूरत है. उन्होंने ग्रामीण अंचल के दशकों पुराने अतीत को टटोलत हुए कहा



कि संयुक्त परिवारों का तेजी से टूटना सामाजिक संस्कारशालाओं का अंत होने के बराबर है. जिसकी हमें और हमारे आने वाली आने वाली नस्लों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. लेकिन इस प्रकार के ट्रस्टों के द्वारा हम अपने निरंतर बिगड़ते सामाजिक ताने-बाने और संस्कारों को ना सिर्फ बचा सकते हैं बल्कि उन्हें फिर से पहले की तरह मजबूत भी कर सकते हैं.विजय कुमार सैनी के अलावा इस समारोह में वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे सतबीर कोच, गोपाल किशन, जोगिंद्र आर्य, मुकेश बाँगड़ी , संदीप खत्री, प्रवीण तोंदवाल, रूपिनदर, प्रदीप कुमार व संजय शर्मा ने भी ट्रस्ट के कार्यों की प्रशंसा और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की.

उधर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य करण सिंह सैनी ने बताया कि सरकार की मदद के बगैर ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जन सेवा के ये कार्य हम सभी के आपसी सहयोग का नमूना है.

जो उन्हें आत्मिक आनंद की अनुभूति प्रदान करते हैं. इसके साथ ही करण सिंह सैनी ने युवाओं से नशे से दूर रहने की भी अपील की. इस अवसर पर एडवोकेट अनिल छौक्कर, एडवोकेट विशाल कौशिक, सरपंच रामधन राक्सेड़ा, पूर्व सरपंच मामन छाछिया, पूर्व सरपंच करण सिंह, सरपंच पति कपिल, सोनू, परमानन्द फौजी, लख्मी, होकम, सुलतान, कर्म सिंह, मौजी, पाला, रघबीर, अमन, उमेश, संजय, बलवान, नवीन चौहान, ठेकेदार राकेश कुमासपुर, अनिल कपूर, रामफल, बलबीर, सूबे सिंह गन्नौर, सोहन लाल, माया देवी, नीलम, पूनम आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# लोहड़ी पर्व पर श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समालखा भारतीय शिक्षा संस्थान समालखा में मकर संक्रान्ति की पूर्व संध्या लोहड़ी पर्व पर भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के सभी अध्येता एवं अध्यापक वृन्द ने भाग लिया तथा कार्यकारिणी की ओर से उपमन्त्री प्रिंसिपल साहब सिंह रंगा उपस्थित हुए। यज्ञोपरान्त प्राचार्य सुरेश कुमार शास्त्री ने पर्व की महत्ता एवं उपयोगिता पर विचार व्यक्त करते हुए सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का वैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश करने के साथ ही विद्यार्थियों एवं हम सबके जीवन



में भी उत्तरायणता अर्थात प्रकाश का एवं उष्मा का संचालन हो इसके साथ ही शास्त्री प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रथम चरण की आरम्भ हो रही परीक्षा के लिए शुभकामना भी व्यक्त की। इस अवसर पर उपमन्त्री प्रिंसिपल साहब सिंह रंगा ने भी विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में सफलता एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय सेवा शिविर एन एस एस कैम्प का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिह)**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नामुंडा में राष्ट्रीय सेवा शिविर एन एस एस कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक प्राध्यापक मनोज धनखड़ व उपसंयोजक प्राध्यापक जसबीर सिंह के सानिध्य मे पांचवें दिन हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सह सचिव मदनपाल छौक???कर ने सामाजिक चुनौतियां व उनके सामाजिक प्रभाव विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि समाज में नशा, लिंग भेद, स्त्री, पुरुष का भेदभाव, कन्या भ्रूण हत्या , महिला हिंसा व दलित उत्पीड़न, अन्धविश्वास व पाखंड जेसी चुनौतियों आज उभार पर है।

# ब्राह्मण समाज के अहम मुद्दों पर चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समालखा जीटी रोड कार्यालय पर ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसके अध्यक्षता ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान डॉ त्रिलोक शर्मा जोरासी ने की और विशेष अतिथि ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिप्रकाश शर्मा मौजूद रहे। मीटिंग में ब्राह्मण समाज के कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और सभा के पदाधिकारियों को आगे की रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रकाश शर्मा ने कहा ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा पूरे भारत में समाज के ऊपर कोई भी बात आती है सबसे पहले आवाज उठाती है और समाज के लिए हम कोई भी कुबार्नी देने के लिए तैयार रहते हैं जिला प्रधान त्रिलोक शर्मा ने



कहा मीटिंग में निर्णय लिया गया है कि समालखा हलके के हर गांव में मीटिंग कर के ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा की कमेटी तैयार करेंगे और जल्द ही पानीपत जिला के बाकी हलकों की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा त्रिलोक शर्मा ने कहा हमने सरकार से मांग की थी एबीपीजी के बच्चों की जॉइनिंग लटकी हुई है सरकार ने कुछ बच्चों को नियुक्ति पत्र दिए हैं हम उसके लिए सरकार की सराहना करते हैं और उम्मीद करते हैं ब्राह्मण समाज की जो भी मांगे है सरकार उन्हें जल्दी पूरा करें आने वाले चुनाव में भी जो भी पार्टी ब्राह्मण समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगी समाज उसका साथ देगा।

# जिले के 10 केन्द्रों पर होगी नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा की सत्र 2024-25 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 जनवरी 2024 को होगी। यह परीक्षा जिले के 5 खंडों में विभिन्न 10 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा के केन्द्र पर 10:30 बजे पहुंचना होगा। विद्यालय प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र सीबीएसई द्वारा जारी किए जा चुके हैं। इस बार जिले से 2956 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण करवाया है।

# डीएलबी (जेबीटी) कोर्स को शुरू कराने के लिए ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कुलदीप सिंह )**

**जीटी रोड** पर गांव मच्छरोली स्थित एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रांगण में पहुंचे सांसद संजय भाटिया को हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए प्राइवेट कालेजों के संचालकों ने प्रदेश में डीएलबी (जेबीटी) कोर्स को शुरू कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

शनिवार सुबह क्षेत्रीय सांसद संजय भाटिया समालखा भाजपा नेताओं संजय छौक्कर व कृष्ण छौक्कर किवाना के साथ मच्छरोली स्थित एलएनटी कॉलेज पहुंचे, जहां एलएनटी कालेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता,प्राचार्य लोकेश शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।वहीं पानीपत व



अन्य जिलों से आए कॉलेज संचालकों ने सांसद संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय छौक्कर, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर का स्वागत किया। प्रदेश भर से आए प्राइवेट कॉलेजों की मैनेजमेंट ने सांसद को मांग पत्र सौंपते हुए पिछले काफी समय से बंद पड़े डीएलएड कोर्स को शुरू कराने की मांग रखी तथा डीएलएड के एडमिशन के लिए सरकार की तरफ से जल्दी से जल्दी पॉजिटिव रिस्पांस देने के लिए आग्रह किया।सांसद संजय भाटिया ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह आप सबकी तरफ से सीएम साहब को पूरी वकालत करूंगा और इस कोर्स के लिए जल्दी से जल्दी एडमिशन शुरू करवाने के लिए पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया इतना ही नहीं सांसद ने भारत के सभी कॉलेज संचालकों की यूनियन के प्रधान डॉक्टर एस वी आर्य से फोन पर बात भी की ओर डीएलएड कोर्स के संदर्भ में पूरी जानकारी ली। डॉक्टर एस वी आर्य ने भी सरकार की तरफ से पॉजिटिव रिस्पांस मिलने की गुहार लगाई।इस मौके पर पानीपत से रविंद्र तायल, अंकित पायल, गीता ग्रुप आफ एजुकेशन से एसपी बंसल, किंडर किंग से नारंग , मॉडर्न कॉलेज से राकेश ,आदर्श कॉलेज से सतीश, गदर कॉलेज से रविंद्र,सतीश राणा, सरस्वती कॉलेज से जोगिंदर, भगवान परशुराम कॉलेज से नरेंद्र आदि कॉलेज संचालक उपस्थिति रहे।

# सीएम फ्लाइंग और आर टी ए विभाग की संयुक्त रेड

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। नारनौल** संभाग में शनिवार को ओवरलोड वाहनों पर छापामारी करते हुए सघन अभियान चलाया गया। सीएम फ्लाइंग और आरटीए विभाग द्वारा की गई चेकिंग में तीन ओवरलोड वाहन पकड़े। पकड़े गए वाहनों पर आरटीए विभाग ने 2 लाख 33 हजार का जुमार्ना किया गया है। वहीं बिना पर्ची रवाना पाए गए वाहनों को माइनिंग विभाग द्वारा सीजर मेमो भरा गया। इन पकड़े गए वाहनों पर अलग से जुमार्ना लगाया जायेगा। जिला में चलने वाले ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए सीएम फ्लाइंग ने कुलताजपुर रोड

**छापेमारी**

**8 सीएम फ्लाइंग और आरटीए विभाग द्वारा की गई चेकिंग में तीन ओवरलोड वाहन पकड़े**

पर छापा मारा गया। इस दौरान आर टी ए विभाग से एम वी ओ अनिलकुमार के अलावा माइनिंग विभाग से इंस्पैक्टर तन्नू जोशी मौजूद रहे । चेकिंग अभियान के दौरान अनेकों वाहनों में अनियमितता पाई गई। वहीं तीन वाहन ओवरलोड मिले।

# आर्य संस्थाएं दे रही भारतीय संस्कृति को बढ़ावा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय पानीपत के परिसर में स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में भारतीय त्योहार लोहडी.व मकर सक्रान्ति के अवसर पर व्यायाम को बढावा देने के लिए भारतीय दण्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य रहे तथा विशिष्ट अतिथि आर्य बाल भारती के प्रधान आर्य रणदीप सिंह कादियान रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबन्धक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान, सुरेन्द्र नरवाल तथा



राजेश घनगस रहे। प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर सभी अतिथि गणों का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। इस समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य मनीष घनगस ने की। समारोह का शुभारंभ दैनिक हवन यज्ञ से प्रारंभ हुआ तथा शान्ति पाठ से समारोह का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 50 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कक्षा नौवीं के छात्र विनीत ने 15 मिनट में 401 दण्ड लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा नौवीं कक्षा के छात्र अभिनव ने 15 मिनट में 399 दण्ड लगाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा विजय ने 15 मिनट में 347 दण्ड लगार तृतीय स्थान, प्रांजल ने 330 दण्ड लगाकर चैथा स्थान तथा कुश व अर्पित ने 320 दण्ड लगाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया।

# परिवार वालो ने आंखें दान करने का संकल्प लिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**

**162वा बेसहरा** कर गया आंखे दान 2 दिन पहले मिले एक बेसहरा जिसको संजय शूज ने बताया कि उनके आसपास एक बेसहरा लावारिस है। जिनको समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा एंबुलेंस बुलाकर उसको अपना घर आश्रम पूठ खुर्द दिल्ली भेजा गया वहां जाने के उपरांत उसको हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां चेक करने पर पता लगा कि उसमें खून ही 5 ग्राम था और इसी कारण उस प्रभु की मौत हो गई। मौत होने के पश्चात ही घर वाले निकल आए और वहां से बॉडी लेकर वापस सोनीपत पहुंचे जब हमें पता लग गया तो सब इंस्पेक्टर



जगत सिंह व आनंद कुमार ने जाकर उस के परिवार वालों से बातचीत की और परिवार वालो ने उनकी आंखें दान करने का संकल्प लिया । इसके लिए दृष्टि सेवा समिति से नरेंद्र भूतनी व हरीश जोहार से बात की गई जिसके बाद डॉक्टर आर पी भारद्वाज जो सराफ हॉस्पिटल वालों आए और उसकी दोनों आंखें डोनेट की जा सकी।

# योजनाओं का लाभ दिया जा रहा: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शनिवार को सतनाली खंड के गांव पथरवा व जवाहर नगर, अटेली खंड के तोबड़ा व फतेहपुर, निजामपुर खंड के नारेहड़ी व नापला, सिहमा खंड के गांव खत्रीपुर व दुबलाना में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव खत्रीपुर व दुबलाना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव, पथरवा व जवाहर नगर में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं तोबड़ा में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा व फतेहपुर में



प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुगंनचंद सैनी, नारेहड़ी में सरपंच विजय सिंह व नापला में सरपंच लीलावती ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आम नागरिकों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अब लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं। प्रोएक्टिव मोड पर लोगों की पेंशन बन रही है। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है।

आदर्श रसोई सप्ताह 41 वां

# आदर्श रसोई ने धूमधाम से मनाया रोहित त्यागी का जन्मदिन

## रोहित त्यागी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया और केक काटकर मनाया गया जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 41वें रविवारीय कार्यक्रम का पड़ाव पार करते हुए भव्य आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत की।

**रोहित त्यागी का मनाया गया जन्मदिन**
जैसा कि सभी जानते है कि आदर्श रसोई में प्रत्येक रविवार को किसी खास अतिथि मेहमान के रूप में बुलाया जाता है और उस मेहमान की आओ भगत में रसोई की पूरी टीम जुट जाती है, इस बात से तो सभी भलीभांति परिचित है। इस बार के खास मेहमान थे रोहित त्यागी। जिनका आदर्श रसोई के सभी सदस्यों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया और जन्मदिन की बधाई दी। आदर्श रसोई के सदस्यों ने पटका पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

**पिछलें 18 माह से निरंतर चलाई जा रही है रसोई:** वो कहावत तो आपने सुनीं ही होगी, जो दूसरों का पेट भरता है या दूसरों का ख्याल रखता है उसका ख्याल स्वयं भगवान रखता है, इसी भावना के साथ आदर्श रसोई पिछलें ड़ेढ साल से प्रत्येक रविवार को आदर्श रसोई भूखे व निर्धन लोगों का पेट भर रही है। इसके साथ ही समाज को भी भूखे व गरीब की मदद करने का संदेश भी पहुंचाकर जागृत करने का भी कार्य कर रही है।

**अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं:** इस अवसर पर रोहित त्यागी ने कहा कि भूखे का पेट भरना पुण्य का काम होता है और अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता है, इसी सोच को जीवित रखने का काम भी आदर्श रसोई और उनकी टीम भूखें लोगों का पेटभर कर रही है।

मैं आदर्श रसोई के कार्यों से बहुत प्रभावित हूं। इस तरह की संस्थाओं की आज समाज में जरूरत है और हम सभी को ऐसी संस्थाओं को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी चाहिए।

**विशेष रहा आदर्श रसोई का मेन्यू :** जैसा की सभी को मालूम है कि स्वाद के मामलें में आदर्श रसोई के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन मशहूर है, ठीक वैसे ही मेहमान नवाजी के लिए भी रसोई के चर्चे दूर-दूर होते है।

# पेंशन फाइटर्स ने आयोजित की उर्जा सचिव के साथ बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उर्जा सचिव** शूरवीर सिंह के साथ पेंशन फाइटर्स की मीटिंग का आयोजन किया गया।
करीब डेढ़ घंटे तक चली इस मीटिंग में पेंशन ट्रस्ट के जीएमएचआर आर एन पाणी के साथ-साथ संस्था के प्रधान वीरेंद्र शर्मा, पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान अनिल त्यागी ,सुनील द्विवेदी महासचिव, रविंद्र भाटी अतिरिक्त महामंत्री, बिशन शर्मा संस्थापक प्रधान पेंशन फाइटर, अमीर चंद सचिव सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**कई मुद्दो को लेकर हुई चर्चा:** प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिन रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन रिवाइज नहीं हुई है, स्केल के मसले सहित अन्य समस्याओं का मुद्दा पेंशन फाइटर्स टीम द्वारा उठाया गया, साथ ही कहा की काम करने की बजाए ट्रस्ट अधिकारी बात-बात में किंतु परंतु लगाते हैं। वहीं जीएमएचआर पाणी ने कहा कि ग्रेड पे वाले मामले, नोंन स्टैंडर्ड स्केल, टेक्निकल ऑफीसर, सीनियर टेक्निकल ऑफीसर, इनको लेकर लोगों को किसी भी मुद्दो में असमंजस हो तो मुझे लिखित में दे जिससे कि कार्यवाही करके असमंजस को दूर किया जा सके। वहीं उन्होनें कहा कि जो विवादित ग्रेड पे है या स्केल है उसको उससे हायर स्केल/ग्रेड पे में फिक्सेशन कर दिया जाएगा। वहीं जीएमएचआर शूरवीर सिंह ने कहा कि फिक्सेशन में ट्रस्ट वालों को अगर कोई दिक्कत है तो सारी फिक्सेशन पाणी द्वारा करवाई जाएगी।

**तमाम मुद्दे रखे गए:** प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि कैशलेस मेडिकल सुविधा की फाइल पावर मिनिस्टर को भेज दी गई है, उसमें ये प्रावधान किया गया है कि 2002 से पहले के रिटायर्ड तथा तीनों डिस्कोम से रिटायर्ड पेंशनरों के लिए डीटीएल को नोडल एजेंसी बनाया जाए जिसकी जिम्मेदारी डी टी एल की होगी। आईपीजीसीएल और डीटीएल से रिटायर्ड पेंशनरों का ये दोनों विभाग खुद जिम्मेदार होंगे।



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विजय घाट समाधि दिल्ली में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नव वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन अनिल शास्त्री, मंजू शास्त्री एवं आदर्श शास्त्री के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वसीम अब्बास, अंजीव गुप्ता, समुंदर कंडेरा एव रियासत अली के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी विशेष रूप से उपस्थित रहें।

# मॉडल टाउन: कांग्रेस और आप ने जनता की लूटी गाढ़ी कमाई: माधव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जैसा** कि सभी को मालूमात है कि बस कुछ ही महीनों मे लोकसभा चुनाव होने वाले है जिसको लेकर राजनीति गर्माई हुई है और लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया अलायंस के बीच सीधा मुकाबला होना है। इसको लेकर दोनों गुट तैयारियों में जुटे हुए है। हर घर गली कूचों व नूक्कड़ों में चाय की चुस्कियां भरते हुए बस राजनीति पर बहस होती नज़र आ रही है। इसी बीच मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से भाजपा के पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि दिल्ली में न तो कांग्रेस दिखने वाली है और न ही झाड़ू टिकने वाली है। 2024 में भी खुलकर कमल खिलने वाला है। माधव ने कहा कि आज के माहौल में कांग्रेस कहीं नजर नहीं आ रही है। वहीं भारत जोड़ो यात्रा को लेकर तंज कसते हुए माधव ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोडो यात्रा आई और चली गई। किसी ने भी राहुल की यात्रा को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई।

**कांग्रेस और आप ने जनता की लूटी गाढ़ी कमाई:** कांग्रेस ने पिछले 70 सालों तक देश की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है तो वहीं आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को मुफ्त का प्रलोभन देकर उनको अंधेरे में रखा है।
लेकिन दिल्ली की जनता अब केजरीवाल की चिकनी चुपड़ी बातों के जाल में नहीं फंसने वाली है और दिल्ली से आम आदमी पार्टी का जल्द ही सुपड़ा साफ होने वाला है।

# पांच दिवसीय श्री श्याम कथा महोत्सव का होगा आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** श्याम मस्ताना मंडल की ओर से आगामी 20 जनवरी से नरेला में पांच दिवसीय संगीतमय श्री श्याम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। नरेला में पहली बार आयोजित हो रहे कार्यक्रम को लेकर शाम भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी में श्री श्याम मस्ताना मंडल द्वारा पांच दिवसीय भव्य संगीतमय श्री श्याम कथा महोत्सव का आयोजन 20 से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। नरेला में पहली बार हो रहे श्री श्याम कथा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की जानकारी देते हुए श्री श्याम मस्ताना मंडल की संस्थापिका शालिका अग्रवाल ने बताया कि नरेला में पहली बार शीश के दानी की संगीतमय अमर कथा का आयोजन हो रहा है। शीश के दानी की अमर कथा, कथा व्यास बज रसिक प्रेमानंद शुक्ला (श्री धाम वृंदावन) के मुखारविंद से 21 से 23 जनवरी सांय 5 बजे से प्रभु इच्छा तक होगी 20 जनवरी को विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं हिस्सा लेंगी। वही 24 जनवरी को भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आमंत्रित भजन गायक हरिदासी कृष्णप्रिया दीदी (श्री धाम वृंदावन) श्री संदीप मस्ताना (कानपुर) इशु गोड कुंडली, एनम अग्रवाल दिल्ली व मंच संचालन लोकेश गोयल द्वारा किया जाएगा। शीश के दानी की संगीतमय अमर कथा के माध्यम से महाभारत प्रारंभ, श्याम बाबा का जन्मोत्सव, तीन बाण की महिमा, शीश के दान की कथा, वीर बर्बरीक जिन्हें आज लोग खाटू के श्याम, कलयुग के देव, श्याम सरकार, तीन बाण धारी, शीश के दानी, खाटू नरेश व अन्य अनगनित नाम से जाने जाते हैं। ऐसे ही बहुत सारे प्रसंग के माध्यम से पूरी जानकारी दी जाएगी।
श्री श्याम मस्ताना मंडल के संरक्षक प्रतीक बंसल ने बताया कि महोत्सव के दौरान रोजाना लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता को चांदी की बांसुरी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। वहीं 20 से 24 तक रोजाना श्री श्याम भक्तों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर श्री श्याम मस्ताना मंडल के पदाधिकारी, सदस्य तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात जुटे हैं।

# तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: देवराज कोली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व निगम पार्षद** देवराज कोली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही जनहित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास देख रहे, इसका श्रेय केवल भाजपा को ही जाता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। उसे करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

**देश में तीसरी बार लहरायेगा भाजपा का परचम:** देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। क्योंकि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

**आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को किया गुमराह:** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है और दिल्ली के लोग काफी ज्यादा परेशान है। आम आदमी पार्टी ने कहा था कि जब दिल्ली में हमारी पार्टी की सरकार आयेगी तो कई सुविधाएं दी जायेगी, महिला सुरक्षा पर ध्यान दिया जायेगा, शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। लेकिन कुछ नहीं हुआ है। सभी वादे धरे के धरे ही रह गये।

**कॉलोनी में रहने वाले लोग सुविधाओं को तरस रहे है:** उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान है। अब जनता दिल्ली में भी भाजपा की सरकार चाहती है।

**जब पानी आता है गंदा तो फ्री कैसे:** उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आता है, जिसके चलते लोगों को बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की अधिकतर जनता पानी बाजार से खरीद कर ही पी रही है तो पानी फ्री कैसे हुआ। पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली ने कहा कि दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी गुमराह करना बंद करें।

# वजीरपुर: पेड़-पौधों की सभी करें रक्षा: अजय जिंगाला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर मंडल भाजपा** के महामंत्री अजय जिंगाला ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

**गरीबों की सहायता के लिए सभी आये आगे:** श्री जिंगाला ने कहा कि गरीबों की सहायता के लिए सभी आगे आये, जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़ा।
उन्होंने आगे बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है। इसलिए सभी को असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके।

**सत्य हमेशा ही सत्य रहता है:** श्री जिंगाला ने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

**सत्य की हमेशा ही होती है जीत:** उन्होंने आगे बताया कि हमेशा ही सत्य की जीत होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और गरीब व निर्धन तबके की हमेशा ही मदद करें।

**पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें:** सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**पेड-पौधों से मिलती है कई प्रकार की औषाधियां:** पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल देते है वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, जो हमारे लिए काफी लाभदायक होती है।

**रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदान:** उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शरीर में कोई कमी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।

# जहांगीरपुरी: पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया पार्कों का निरीक्षण









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी वार्ड** की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा जहांगीर पुरी के आई और जे ब्लॉक के पार्कों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पार्क में मौजूद लोगों से पार्षद ने मुलाकात की और कहा कि अगर आपको कोई भी समस्या है तो आप मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकते है। आपकी समस्या का तुरन्त समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से यह भी अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा रमेश शर्मा, अनुज सिंह, वार्ड अध्यक्ष लखमी पाल, त्रिवेणी यादव मौजूद रहे।

# एडीसी आनंद शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव-2024 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**फरीदाबाद में 17 से 20 जनवरी तक टीएचएसटीआई-आरसीबी कैंपस, एनसीआर बायोटेक साइंस सेंटर में होगा भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- 2024**

**साइंस फेस्टिवल**

**8 17 जनवरी से 20 जनवरी तक इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। एडीसी आनंद शर्मा ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में आयोजित होने वाले इंडियन इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल-2024 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से बिन्दुवार जानकारी लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद के प्रशासन और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के साथ तालमेल करके महोत्सव में बेहतर क्रियान्वयन के लिए भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के ठहरने के स्थान पर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल टीम मौजूद रहेंगी। जिस विभाग को जो भी दायित्व मिले वह विभाग पूरी निष्ठा के साथ अपना कार्य का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। पेयजल सप्लाई, विद्यार्थियों के ठहरने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था, बिजली सप्लाई, यातायात, इंटरनेट, मीडिया व्यवस्था सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी ना आए।

बैठक में ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान/(३ँ२३) के एडमिन हेड श्री एम वी सैन्टो, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, एसीपी सेंट्रल राजीव, एसीपी ट्रैफिक विनय कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन प्रदीप संधू, पीएचईडी एक्सएन अमित जैन, बिजली विभाग से अमित कुमार, फायर विभाग से लेख राम, सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा सरकार की योजनाओं का आमजन को मिला लाभः गुर्जर

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहाकि 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसके लिए सहयोग करेंगे। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव नवादा और गांव बड़खल, नियर दिल्ली वाली मस्जिद के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को ?10000 से लेकर के ?50000 तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। आयुष्मान योजना के तहत देश में ?500000 रुपये की



धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोड़कर गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। है। देश के 11 करोड़ किसानों को ?6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। कश्मीर में धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कराना और तीन तलाक पर कानून बनवाना साथ ही काशी, उज्जैन मंदिरो की कॉरिडोर का निर्माण, सोमनाथ, केदारनाथ, बद्रिनाथ जैसे धार्मिक तीर्थ स्थलों को 'भारतमाला' योजना के माध्यम से हाईवे जोड़ना यह बहुत ही बड़े कार्य हैं हमारी सरकार ने एक विचारधारा के रूप में कार्य किए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने वाले 73 वाहन चालको के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत आज भारी वाहनों के रॉन्ग लेन/लाईन चेंज वाहन चालको के चालान काटे गए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सड़क पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान, चालान काटकर जुमार्ना लगाने के साथ-साथ वीडियो वेन के माध्यम से भी स्कूल, कॉलेज व आम जनता में जाकर भी जागरूकता अभियान किए जाते हैं। लेन चेंज के बारे में उन्हें बताया जाता है कि भारी वाहन चालक अपनी लेन में ड्राइविंग करे ताकि यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे। सड़क पर सबसे लेफ्ट वाली लेन भारी वाहनों के लिए होती है। जो भारी वाहन अपनी लाईन में ना चलके अन्य लाईन में चल रहे थे उनके चालान काटे गए है। सड़क पर अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक्सीडेंट जैसी घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसके कारण कई बार वाहन चालकों के साथ-साथ यातायात कर रही आम जनता भी सड़क दुर्घटना का शिकार होती है । सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचे तथा दूसरों को सुरक्षित पहुंचाने में उनका सहयोग करें।

### रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कॉस्मापॉलिटन ने जरूरतमंद बच्चों के साथ लोहड़ी पर्व पर शॉपिंग मॉल में फूड पार्टी का किया आयोजन

**आर्य कन्या सदन के इन विशेष बच्चों के साथ खुशी के पल को बिताना क्लब के लिए बड़े ही गर्व की बात । चेतना कुकरेजा**
**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**
हम सभी को ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिये जो किसी न किसी कारणवश अकेले हैं। इन बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर दिल को सकून मिलता है। यह बात रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कॉस्मापॉलिटन की प्रेसिडेंट चेतना कुकरेजा ने लोहड़ी पर्व पर सेक्टर - 15 क्राउन प्लाजा मैकडॉनल्ड्स में आयोजित फूड पार्टी के दौरान कही।इस पार्टी का आयोजन सेक्टर-15 आर्य कन्या सदन के बच्चों के लिए किया गया था। इस मौके पर बच्चों ने फूड पार्टी का जमकर लुत्फ उठाया। क्लब की प्रेसिडेंट चेतना कुकरेजा और उनकी टीम में उपाध्यक्ष रोटेरियन राहुल सलूजा और रोटेरियन पूजा सलूजा, रोटेरियन नवनीत गुंबर, रोटेरियन प्रिया गुंबर , रोटेरियन संजय चंदा ,रोटेरियन नीता अनेजा ,रोटेरियन ज्योति जोनेजा , रोटेरियन रितु जुनेजा, रोटेरियन हरिंदर सिंह , रोटेरियन शिल्पी खंडेलवाल , रोटेरियन डॉ नीरू कटयाल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस पार्टी में मैजिक शो का भी आयोजन किया गया । मैजिक शो में जादूगर दीपक ने ज्ञानवर्धक और जादुई करतब दिखाकर बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। इस शो में बच्चों ने कई जादू की गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी समझने का प्रयास किया।
रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद कॉस्मापॉलिटन की प्रेसिडेंट रोटेरियन चेतना कुकरेजा ने बताया की आज आर्य कन्या सदन के इन बच्चियों के साथ हमने लोहड़ी पर्व के अवसर पर फूड पार्टी का आयोजन किया है। जिसमे इनको गिफ्ट भी दिए गए है। संम्पन लोगों के लिए तो खुशियों के पल अनेक है लेकिन इन बच्चों के पास ऐसा कोई नहीं जिन्ह यह अपना कह सके , जिनके साथ यह खुशी मना सके हमारा क्लब इनके साथ आज खुशियां बांटना चाहता था , हमने आज इनके साथ जो समय बिताया है उससे हमें एक खुशी का अहसास प्राप्त हुआ है । रोटेरियन चेतना कुकरेजा ने बताया की रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद कॉस्मोपॉलिटन समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करता रहा है चाहे स्वास्थ्य को लेकर चाहे पर्यावरण को लेकर हो या फिर ऐसे कई कार्यकमों द्वारा बच्चों के चेहरे पर खुशी लाने की बात हो कॉस्मापॉलिटन समाज के अंतिम छोर के लोगों के चेहरे पर हंसी लाने के साथ-साथ उनके सुख-दुख में शामिल होना अपना कर्तव्य समझता है आगे भी क्लब इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करता रहेगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष रोटेरियन राहुल सलूजा ने कहा की हमने बच्चों के साथ समय बिताकर उनसे खूब बातें की।

### लिंग्याज विद्यापीठ में मनाया गया लोहड़ी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
लिंग्याज विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) में हर्षोल्लास और परंपरा के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया गया। जो एक खुशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्धता का प्रतीक है। हंसी की गूंज, अलाव की गर्माहट और पारंपरिक संगीत की लयबद्ध धुनों ने हवा को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर प्राचीन परंपरा के अनुसार लोहड़ी जलाई गई व उसमें तिल व मूंगफली आदि डालकर परंपरागत गीत गाए गए। इस अवसर पर प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) एम. के. सोनी, कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेश कपूर, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा, रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सालवान और डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर (डॉ.) सीमा बुशरा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# खट्टर सरकार ने किसानों को पोर्टल के नाम पर उलझा रखा : अनुराग ढांडा

**महारैली**

**8 आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बदलाव महासभा के लिए दिया निमंत्रण**

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना/सोनीपत**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शनिवार को सोनीपत जिले के निजामपुर गांव में बदलाव महारैली निमंत्रण जनसभा की। उन्होंने इस दौरान 28 जनवरी को जींद में होने वाली बदलाव जनसभा का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आपके बच्चों



की लड़ाई लड़ रही है ताकि आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस बदलाव रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान पहुंच रहे। आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। इस रैली में हरियाणा के हर गांव में भारी संख्या में लोग पहुचेंगे। इस मौके पर उनके साथ जींद जिला अध्यक्ष वजीर ढांडा, अजमेर प्रधान, नवीन गौड़, राजेश सरोहा, महेंद्र छिक्कारा, सरोज बाला, संदीप मलिक और महेंद्र उर्फ झंडू भी मौजूद रहे।

अनुराग ढांडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे हरियाणा के लोग इन राजनीतिक पार्टियों से तंग हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 57 साल हरियाणा को बने हुए हो चुके हैं। 25 साल कांग्रेस की की सरकार रही थी। न स्कूल अच्छे हुए। न बिजली मिला और न ही पानी मिला। वहीं 9 साल बीजेपी की सरकार को हो गई। इसमें भी वही हाल है। आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचा। न स्कूल अच्छे हुए। न सरकारी अस्पताल में इलाज होता है। बिजली भी 24 घंटे नहीं मिल रही है। ऐसा सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार है। जहां बिजली भी मुफ्त में दी जाती है, सरकारी स्कूलों को भी प्राइवेट स्कूलों से भी बढ़िया बनाया जाता है। सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल काम के नाम पर वोट मांगती है, इन दूसरी पार्टियों की तरह जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं करती। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। खट्टर सरकार में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर नहीं हैं। युवा नशे की गर्त में फंसते जा रहे हैं। इसके बाद अपराध के दलदल में फंस जायेंगे। अगर हरियाणा के हालात नहीं सुधारे तो हरियाणा की युवा शक्ति बर्बाद हो जायेगी। पंजाब के युवाओं को पहले वाली सरकारों ने बबार्दी की कगार पर लाकर छोड़ दिया था।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में फरीदाबाद का पिछडा सरकार की बड़ी नाकामीः नितिन सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-20 बी अजरौंदी गांव के लोग गंदगी और कूड़े के ढेरों में बेहाल है। शिकायतें करने के बावजूद यहां से कूड़े का उठान नहीं होता, जिसके चलते यहां बदबू का माहौल बना हुआ है और लोग बीमार हो रहे है। इसी मामले को लेकर लोगों ने आज सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नितिन सिंगला ने शामिल होकर उनकी समस्याओं



को गंभीरता से सुना। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद नितिन सिंगला ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में स्मार्ट सिटी फरीदाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर मिले 381 स्थान तथा हरियाणा को मिले 19वें स्थान ने भाजपा सरकार की पोल खोलकर रख दी है। जो जिला पिछले साल इस सर्वेक्षण में 36वें स्थान पर था, वह खिसककर 381 स्थान पर पहुंच गया और हरियाणा प्रदेश चौथे स्थान से खिसककर 19वें स्थान पर पहुंच गया।

### जीवन सुधार के लिए ब्रह्माकुमारीज के प्रयास सराहनीय - धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
ब्रह्माकुमारी केंद्र की ओर से सेक्टर 21 स्थित डिलाइट गार्डन में अध्यात्मिक चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गुरुग्राम स्थित रीट्रीट सेंटर से बीके आशा दीदी मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने सकारात्मक सोच द्वारा तनावमुक्त जीवन जीने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सकारात्मक सोचता है, तनाव उसके आसपास भी नहीं फटक सकते। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों से लोगों का जीवन बदल रहा है।

# हांसी के कॉलेज में लोहड़ी पर्व में पूर्व चेयरपर्सन मुक्ता, सोशल एक्टिविस्ट नीतू व आशु का छात्राओं ने किया स्वागत



फोटोः विशेष अतिथि पूर्व चेयरपर्सन मुक्ता भुटानी, सोशल एक्टिविस्ट नीतू जैन व आशु जैन का भांगड़ा डालकर स्वागत करते हुए छात्राएं।

**टीम एक्शन इंडिया/हांसी**
सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में आज प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से आयोजित लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व में महाविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन की पूर्व चेयरपर्सन मुक्ता भुटानी, सोशल एक्टिविस्ट नीतू जैन व आशु जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। महाविद्यालय में पहुंचने पर छात्राओं ने भांगड़ा डालकर इनका स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता ने बुके देकर अतिथियों का अभिनंदन किया और सभी ने मिलकर लोहड़ी जलाई।
प्रोफेसर अंकिता पूनिया के शानदार संचालन में हुए इस भव्य कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने पंजाबी गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोह लिया । यह आयोजन मेंटरशिप लेक्कर के अंतर्गत पर्यावरण विभाग अध्यक्ष अंकिता पूनिया,

**अभिनंदन**

**8 प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता ने बुके देकर अतिथियों का अभिनंदन किया और सभी ने मिलकर लोहड़ी जलाई।**

पुस्तकालय विभाग अध्यक्ष डॉ. सविता मलिक व हिंदी विभाग अध्यक्ष अनिल बामल के नेतृत्व में आयोजित किया गया।
प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता एवं अतिथियों ने अपने संबोधन में लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें भारतीय संस्कृति का एहसास कराता है । पौराणिक कथाओं के अनुसार इस पर्व को भगवान श्री कृष्ण के साथ भी जोडा जाता है। इस अवसर पर समाजसेवी सतपाल बंसल खांडेवाला व सतीश मित्तल सहित डॉ. गीता दहिया, मधु कक्कड़, शीलू कुमारी, डॉ. नीलिमा, चारु गुप्ता, राजबाला शर्मा भी मौजूद थे।

# प्रतिभायों को मंच प्रदान करता है आशियाना फाउंडेशन-दीपा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/हरिओम गुप्ता**
आशियाना फाउंडेशन की ओर से लोहड़ी, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
उक्त जानकारी देते हुए नीरू भारद्वाज ने बताया कि बड़ा तालाब के निकट ब्रह्मगढ़ में कार्यक्रम रखा गया है। इस एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चो द्वारा देश भक्ति, लोकगीत व विभिन्न नृत्य प्रतिभाएँ देखने को मिले। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे कॉर्पोरेट बैंक डायरेक्टर व भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष अजय पटौदा, विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाज सेवी किशन अग्रवाल, पूर्व ज़िला प्रमुख सशी बाला, जितेंद्र



अग्रवाल ने फाउंडेशन के कार्यों को सराहना दी। ज़िले के विशेष नृतक एवं नृतकायों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर खूब तालिया बटौरी और अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आये भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष अजय कांटीवाल, भाजपा ज़िला महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ कविता गुप्ता, सरोज भारद्वाज, रेणु वर्मा ,करवा क़्वीन भावना शर्मा, रेखा शर्मा, ने शिरकत की व कार्यक्रम को चार चाँद लगा दिये।
इस प्रतियोगिता को दो ऐज ग्रुप में बाटा गया, बतौर जज रहे कंचन अधलखा, ऋतु अहूजा, प्रशी वशिष्ठ, व निशा राठौड़। प्रतियोगिता में 5 साल की उम्र से लेकर 17 साल की उम्र तक प्रतिभागी रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।
आशियाना फाउंडेशन समय समय पर बच्चों को मंच प्रदान कर उनके प्रतिभायो को निखारने का कार्य करता है।ज्ञात रहे पिछले 19 वर्षों से फाउंडेशन समाज सेवा, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण, जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, व महिलाओं के विकास में कार्यरत है। अंत में फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी आगंतुक, बच्चो व अभिभावकों वि कार्यक्रम के आयोजक सशी जुनेजा, नीरू भारद्वाज, आशा, रेणु धींगड़ा, आशु अहूजा व समस्त फाउंडेशन परिवार का धन्यवाद किया।

# अग्रोहा धाम में 30 करोड रुपए की लागत से भव्य दो म्यूजियम बना रहे हैंः गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/बहादुरगढ़/ /हरिओम गुप्ता**
अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग लेने के उपरांत कहा कि वैश्य समाज के संगठन का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी और धर्म नगरी है। अग्रोहा के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने व टीलें की खुदाई का काम करने की घोषणा करने के बावजूद भी अभी तक काम शुरू ना होने से देश के वैश्य समाज व आम जनता में बड़ी भारी नाराजगी है जबकि



केंद्रीय रेल बजट में अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की मंजूरी दिए 10 महीने हो चुके हैं मगर बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि अभी तक रेलवे लाइन का काम केंद्र सरकार द्वारा शुरू नहीं किया गया है जबकि अग्रोहा धाम में हर रोज हजारों लोग देश के कौने-कौने से दर्शन करने के लिए आते हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम के साथ 125 एकड़ में महाराजा अग्रसेन जी का महल जो टीलें के रूप में बदल चुका है, इसकी खुदाई करने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा मिल चुकी है। सरकार को तुरंत प्रभाव से टीलें की खुदाई व अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ना चाहिए। अग्रोहा धाम में 30 करोड रुपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर दो भव्य म्यूजियम बनाए जा रहे हैं। टीलें की खुदाई में जो भी सामग्री निकलेगी उस सामग्री को अग्रोहा धाम के म्यूजियम में रखा जाएगा ताकि आने वाले यात्री महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी से प्रेरणा लेकर ज्यादा से ज्यादा राष्ट्र व आम जनता की सेवा में अपना योगदान दे सके। केंद्र सरकार को अग्रोहा धर्मनगरी को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए। महाराजा अग्रसेन जी ने समाजवाद को बढ़ावा देते हुए गरीबों को ऊंचा उठाने का काम किया और जनता के लिए सारे अन्न व धन के भंडार खोल दिए। बजरंग गर्ग ने प्रमुख समाजसेवी श्रीनिवास गुप्ता को अग्रोहा धाम वैश्य समाज का राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाने की घोषणा की। श्रीनिवास गुप्ता वैश्य समाज के संगठन को पहले से ओर ज्यादा मजबूत करने का काम करेंगे। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, विकासपुरी दिल्ली प्रधान रमेश बंसल व राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल ने श्रीनिवास गुप्ता को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनने पर बधाई दी।

# नेत्र जांच शिविर में 120 लोगों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
श्रमिक शिक्षा समिति(रजि) द्वारा संचालित पंडित अमरनाथ हाई स्कूल नीलम बाटा रोड़ में भारत सेवा प्रतिष्ठान, रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर व लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वाधान से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ0.सूरज प्रकाश आरोगय केन्द्र व कनोरर बरेमसे का भी विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर आरडब्लूए एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल, भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमेन श्री कृष्ण सिंहल,समन्वयक अरूण वालिया,अनामिका शर्मा,लद्यु उद्योग



भारती के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,वरिष्ठ उपप्रधान आर.के चावला,अमृतपाल सिंह कोचर महासचिव,राजकुमार भगत कोषाध्यक्ष,अशोक कुमार चौधरी बल्लभगढ़ यूनिट प्रधान,रवि भूषण खत्री प्रभारी फरीबाद-पलवल,संजय अरोड़ा स्पेशल इनवाइटी,एसके दमानी,राजकुमार अग्रवाल व महेश बांगा कार्यकारी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री कृष्ण सिंहल व दिनेश बंसवाल ने कहा कि आंखें भगवान की दिया हुआ वो नायाब तोहफा है जिससे हम पूरी दुनिया देख सकते है। इसलिए हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि इसका पूरी तरह ख्याल रखे इसें धूल मिटटी से बचाएं तथा समय समय पर इसकी जांच करवाते रहना चाहिए।

# 'हर घर, हर जन का उत्सव है श्रीरामोत्सव'

## स्वच्छता ईश्वरीय कार्य, श्रीरामलला के आगमन से पूर्व हर गांव हर गली को स्वच्छः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया है। शनिवार को प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को ईश्वरीय कार्य बताते हुए कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान में भावना के साथ जुड़कर पूरे देश को एक नया संदेश दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी राष्ट्रीय उत्सव की तिथि है। पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य और



दिव्य मंदिर में विराजमान होने का उत्सव सिर्फ अयोध्या का नहीं है बल्कि यह हर गांव, हर घर और हर जन का उत्सव है। यह अभूतपूर्व उत्सव है तो हर गांव और हर घर तक तैयारियां भी उसी रूप में होनी चाहिए। यह प्रयास होना चाहिए कि श्रीरामोत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने। घरों, मंदिरों और सार्वजनिक/सामुदायिक स्थानों पर रामनाम संकीर्तन हो। गांवों के अमृत सरोवरों पर भी दीपोत्सव मनाएं। प्रधानगण और सभी ग्रामीण जनप्रतिनिधि इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रीरामलला के विराजमान उत्सव को अभूतपूर्व उल्लास से तरंगित करने का कार्य 14 जनवरी को विशेष स्वच्छता अभियान से प्रारंभ हो जाएगा। हर कस्बे, हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की इसमें सहभागिता अपेक्षित है।

देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया जाए। प्रधानगण इसके लिए खुद प्रयास करने के साथ हर ग्रामवासी को जागरूक करें, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाएं। चार दशक में पचास हजार मासूमों को असमय काल कवलित करने वाली इंसेफेलाइटिस जैसी त्रासद बीमारी की एक बड़ी वजह गंदगी थी और सरकार ने इसे पूरी तरह नियंत्रित करने में स्वच्छता और जागरूकता को सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाया।

### 'सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करना होगा'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करना है। 14 जनवरी का विशेष स्वच्छता अभियान इसके लिए बड़ा माध्यम बन सकता है। ग्राम प्रधानगण अपने अपने गांवों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्हें इसके खतरे के प्रति आगाह करें। गांवों में स्वच्छता को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। गांव जितना स्वच्छ होगा उतना ही सुंदर दिखेगा और उसकी ख्याति बढ़ेगी, हर तरफ से सराहना प्राप्त होगी।

# 'आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन शीर्ष प्राथमिकता'



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षा का वातावरण देकर उनके स्वावलंबन और सम्मान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ही पीएम मोदी ने नारी वंदन अधिनियम पारित कराकर संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित कराया है। सीएम योगी शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में हुए समारोह में 1150 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। साथ में सबको कंबल भी दिया गया। 12 बालिकाओं को सिलाई मशीन व कंबल सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। उन्नत भारत ग्राम अभियान के मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जेके ग्रुप कानपुर के सहयोग से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है।

### 'महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने उठाए अनेक कदम'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। इसके बाद जनधन खातों, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं से इसे नई ऊंचाई मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना व पेंशन की राशि बढ़ाकर महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कई कार्य शुरू किए हैं।

## फास्ट न्यूज

### अलवर से अयोध्या गया 125 किलो शहद

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। 16 जनवरी से भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होगा। इस दौरान अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक किया जाएगा। सवा सौ किलो शहद लेकर रथ शनिवार को जगन्नाथ मन्दिर से रवाना किया गया। रविवार को यह रथ अयोध्या पहुचेगा। वन मंत्री संजय शर्मा ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवा झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिलीप मोदी ने बताया अलवर के लिए यह सौभाग्य की बात है की अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक होगा। साधु संतों की तरफ से उनकों राम मंदिर में जाने का न्योता मिला है। इसी दौरान उनको पता चला की राम मंदिर समिति ट्रस्ट को शुद्ध शहद की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने समिति के पदाधिकारी से बातचीत की। तो उन्होंने शहद भेजने के लिए कहा। यह शहद जितेंद्र गौतम की तरफ से तैयार किया गया है। भगवान के स्नान में पंचामृत का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। जिसमें दूध, दही, मधु, घी और शक्कर होता है। इसमें चौथे स्थान पर मधु आती है। आजकल वैद्य व डॉक्टर भी शहद का सेवन बताते हैं। शरीर में चमक लाने के लिए मधु का सेवन किया जाए। वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में भगवान के चरणों में शहद का पूजन हुआ। मंदिर से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शहद रथ लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए।

### सीएम की सुरक्षा में चूक, सभास्थल पर वर्दी पहनकर घुसा शराबी

**टीम एक्शन इंडिया/शहडोल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार को शहडोल में हैं। इस दौरान उनकी सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। एक नशेड़ी युवक पुलिस की वर्दी पहनकर सभास्थल में घुस गया। वह करीब दो घंटे तक पुलिसवालों के बीच ही रहा। संदिग्ध लगने पर जब मीडिया ने उससे पूछताछ की, तो वह भाग गया। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शहडोल के पॉलीटेक्निक मैदान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सभा थी । सभा शुरू होने से पहले दोपहर करीब 12 बजे एक शख्स मध्यप्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर सभास्थल पर पहुंच गया। उसने शराब पी रखी थी।

# 'युवाओं के हुनर को तराशना समय की मांग'



**टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू**

**पुलिस** अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह बिश्नोई ने कहा कि हमारे युवाओं में हुनर की कमी नहीं है। ऐसे में हम सभी को मिलकर उनके हुनर को तराशना है, ताकि वह ईमानदारी के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तत्पर हो जाएं। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को बेहतर माहौल देने के कारण ही आज देश खेलों में तरक्की कर रहा है। इसलिए इस दायित्व को निभाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। वे श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय परिसर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023-24 के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह बिश्नोई और यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला ने ओवरआल चैंपियन मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को ट्राफी सौंपी व महिला व पुरूष श्रेणी में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि देवेंद्र सिंह बिश्नोई ने कहा कि भारत खेलों में तरक्की कर रहा है। आज हमारा युवा देश का हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों से लेकर समाज को युवाओं के हुनर को तराशने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

**निर्देश**

**8 श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में आल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप सम्पन्न**



राजस्थान के राज्यपाल कलराज उपराष्ट्रपति का बुके देकर स्वागत करते हुए।

# 'गहोई समाज डबरा को टीबी मुक्त बनाने में दे योगदान'

**टीम एक्शन इंडिया/ग्वालियर**

मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को डबरा में गहोई वैश्य समाज के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने गहोई समाज का आह्वान किया कि वे व्यापक पौधारोपण के जरिए डबरा में हरियाली लाएं और डबरा को टीबी मुक्त बनाएं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने समाज सेवा और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़



कर भाग लेने के लिए गहोई वैश्य समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज महिला और युवाओ को सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गहोई वैश्य समाज हर साल 1000 पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे, ताकि डबरा का पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके। तोमर ने कहा कि गहोई समाज गरीबों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने कहा गहोई समाज डबरा की 10 ऐसे गरीब लोगों की पहचान करे जो टीबी के मरीज हों। उन्होंने कहा सरकार टीबी के मरीजों के लिए निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराती है। दवाइयां के साथ-साथ इन मरीजों पौष्टिक आहार की भी जरूरत होती है। अगर गहोई समाज 6 महीने तक प्रत्येक मरीज को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए तो टीबी के मरीज स्वस्थ हो सकते हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में मिलेगी टरामरज'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हजारों वीआईपी गेस्ट्स को इनवाइट किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों के स्वागत की भी तैयारी की गई है और साथ ही समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमानों को ट्रस्ट की ओर से उपहार भी दिए जाएंगे।

# 'बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनहागार'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकता**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर आज पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की



**साधा निशाना**

**8 ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के हिंदुओं को श्री राम के आने की खुशी मनाने से रोक रहीं: अनुराग**

सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसको बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। रेड होती है। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। टीएमसी के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है? अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कल पूरे भारत में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया लेकिन पश्चिम बंगाल के युवाओं को इनमें शामिल नहीं होने दिया गया। क्यों?

**महत्व** सरयू घाट के पास स्थित इस पवित्र क्षेत्र का सभी तीर्थों से बढ़कर है पौराणिक महत्व

# 'नव्य अयोध्या' के वैभव की पहचान भी है 'राम की पैड़ी'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**सनातन** धर्म की सप्त पुरियों में विख्यात अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव व आधुनिक विकास के नए प्रतिमानों संग तालमेल को अगर कोई स्थान सबसे अच्छे से परिभाषित कर सकता है तो वह निश्चित तौर पर राम की पैड़ी ही है। पौराणिक काल से इस क्षेत्र का अपना महत्व रहा मगर वर्षों तक अवहेलना का शिकार रही राम की पैड़ी का जब डबल इंजन की सरकार ने विकास शुरू किया तो अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जुड़ गया। आज राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां



आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरा है। योगी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार व विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा व भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है।

**स्वयं श्रीराम ने लक्ष्मण को बताई थी पैड़ी की महिमा:** राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है। यहां को लेकर ऐसी पौराणिक मान्यता है कि श्रीराम इसी पैड़ी से होकर सरयू में स्नान करने जाते थे।

कहा जाता है कि एक बार जब लक्ष्मण जी ने सभी तीर्थों के दर्शन करने का मन बनाया तो श्रीराम ने अयोध्या में सरयू किनारे तट पर खड़े होकर कहा कि जो व्यक्ति सूर्योदय से पूर्व इस स्थल पर सरयू नदी में स्नान करेगा उसे समस्त तीर्थ में दर्शन करने के समान पुण्य प्राप्त होगा। माना जाता है कि सरयू के जिस तट पर श्रीराम ने ये बात कही वहीं आज राम के पैड़ी के नाम से प्रसिद्ध है। यही वजह है कि पूर्णिमा पर यहां स्नान का विशेष महत्व है और यहां स्नान करने वाले को सभी तीर्थों का पुण्य यहां स्नान करने से मिल जाता है।

**2017 पहले और आज में जमीन-आसमान का फर्क:** राम की पैड़ी का जो आज भव्य स्वरूप देखने को मिल रहा है 2017 के पहले इसकी कल्पना करना भी संभव नहीं था। यहां पिछली सरकारों के दौरान कोई खास कार्य नहीं हुआ तथा पिछले बड़े स्तर का जीर्णोद्धार कार्य 1985 में हुआ था।

